

MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 367 | ग्वालियर, मंगलवार 17, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### कौन होगा दिल्ली का नया सीएम, हो गया फाइनल होगा नाम का ऐलान!



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल यानी मंगलवार को उपराज्यपाल विनय सक्सेना से मुलाकात करेंगे और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपेंगे। उपराज्यपाल ने सीएम केजरीवाल को मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे मिलने का समय दिया है। इससे पहले कल सुबह 11ः30 बजे आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी जिसमें दिल्ली के नए सीएम के नाम पर मुहर लग जाएगी। ये बैठक सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर होगी। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित कई नेता सीएम केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। बता दें कि आज शाम को ही आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक भी शुरू हो चुकी है। इसमें नए मुख्यमंत्री समेत पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा हो रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अभी सीएम के नाम पर चर्चा नहीं हुई है। इस पर फैसला केजरीवाल के इस्तीफे के बाद विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा। बता दें कि 13 सितंबर को दिल्ली शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सीएम केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया था। केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद सीएम पद के लिए कई नामों की चर्चा की जा रही है जिसमें आतिशी सिंह, सुनीता केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। दिल्ली में फरवरी 2025 में केजरीवाल सरकार का कार्यकाल खत्म होने वाला है और केजरीवाल के नेतृत्व में आप साल 2013 से दिल्ली की सत्ता में हैं। दिल्ली में 4 दिसंबर, 2013 को कुल 70 सीटों पर विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, उसे बहुमत नहीं मिला था। आम आदमी पार्टी को तब 28 और कांग्रेस को 8 सीटें मिलीं थीं और कांग्रेस के समर्थन से अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 49 दिन बाद ही दोनों पार्टियों का गठबंधन टूट गया और केजरीवाल की सरकार गिर गई। इसके बाद 7 फरवरी, 2015 को दिल्ली में फिर से विधानसभा चुनाव हुए और इसमें आम आदमी पार्टी ने 67 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा सिर्फ तीन सीटों पर सिमट गई थी। इसके पांच साल बाद 8 फरवरी, 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कुल 70 सीटों में 62 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि 8 सीटें भाजपा के खाते में गईं।

### हिमाचलः ट्रांसफर को लेकर सुर्खियों में छाईं लेडी ऑफिसर





हिमाचल प्रदेश की 32 वर्षीय प्रशासनिक अधिकारी ओशिन शर्मा आजकर काफी चर्चा में हैं। ओशिन शर्मा सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर काफी एक्टिव हैं। उनके कई प्लेटफॉर्मों पर आठ लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। स्थानीय राजनेता और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ओशिन शर्मा के सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव रहने से खुश नहीं हैं। अब इसके कारण ओशिन शर्मा अपने ट्रांसफर की वजह से इस वक्त चर्चा में हैं। उनका ट्रांसफर क्यों किया गया है, इसको लेकर हिमाचल सरकार के किसी भी सीनियर अधिकारी ने कोई टिप्पणी नहीं की है और न ही ये बताया गया है कि उन्हें अब तक कोई पोस्टिंग क्यों नहीं दी गई है। मंडी उपायुक्त कार्यालय और कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया स्टार लेडी अफसर ओशिन का ट्रांसफर प्रशासनिक आधार पर किया गया है क्योंकि उनका काम संतोषजनक नहीं था।हिमाचल प्रदेश सरकार ने संधोल में तहसीलदार पद पर कार्यरत शर्मा का ट्रांसफर कर दिया है और अभी कोई विशिष्ट स्टेशन न सौंपकर उन्हें शिमला में कार्मिक विभाग को रिपोर्ट करने के निर्देश दिया गया है। शिमला की सरकारी ऑफिसर ओशिन शर्मा इंस्टाग्राम पर काफी लोकप्रिय हैं और अपनी रील्स शेयर करती रहती हैं। अपनी रील्स को लेकर ओशिन एक इंस्टा सेलिब्रिटी बन गई हैं। लेकिन लेडी अफसर ओशिन शर्मा का हाल ही में ट्रांसफर हुआ है जो चर्चा का विषय बन गया है। मूल रूप से चंबा जिले के भरमौर की रहने वाली ओशिन शर्मा का परिवार धर्मशाला में रहता था। वह जनवरी 2022 में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में शामिल हुई थीं। इंटरव्यू के दौरान ओशिन ने बताया था कि पहले सिविल सर्विसेस में शामिल होने का उनका कोई मन नहीं था, वह जर्नलिस्ट बनना चाहती थीं। कथित तौर पर समीक्षा के बाद मंडी के डीसी ने ओशिन शर्मा के काम पर असंतोष व्यक्त किया। कई खामियों को देखते हुए डीसी ने यह नोटिस जारी किया और ओशिन से जवाब मांगा। वहीं, ओशिन ने अपने असंतोषजनक काम से संबंधित कथित रिपोर्टों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न









ग्वालियर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष्ज्ञ डॉ. शिवराम सिंह गौर की अध्यक्षता में बाल भवन ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। आपको बता दे कि लखनऊ अधिवेशन में 12 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर श्री शिवराम सिंह गौर का अनुमोदन किया गया था और आज दिनांक 15.09.2024 को कार्यसमिति की बैठक में सर्व सम्मति से निर्विरोध शिवराम सिंह गौर को राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवराम सिंह गौर ने सम्बोधित करते हुये कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नाम से पंजीकृत एक ही संगठन है जिसका में स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष हूँ। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आर्शीवाद देकर स्वीकार करने के लिये राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों व आजीवन सदस्यों का आभार व्यक्त किया। आगामी 6 माह में पूरे राष्ट्र में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की सदस्यता कर संवैधानिक प्रक्रिया के तहत प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर संवैधानिक संगठन तैयार होगा। नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर शिवराम सिंह गौर ने कहा कि दहेज प्रथा को बंद करने के लिये युवक युवती परिचय सम्मेलन हर जिले में कराया जायेगा एवं प्रत्येक जिले में राजपूत छात्रावास खोला जायेगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह तोमर ने किया। कार्यक्रम का संचालन महिला राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेशू राजावत एवं प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिकरवार ने किया। आभार व्यक्त धीरेन्द्र सिंह चौहान ने किया ।कार्यकम में राजीव सिंह भदौरिया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, भैरव सिंह चौहान नागदा, जनक सिंह भदौरिया श्योपुर, निहाल सिंह चौहान, अशोक सिंह तोमर, ओमकार सिंह कुशवाह, अशोक सिंह चौहान भोपाल, लक्ष्मेश सिंह अलवर राजस्थान, रूपेश सिंह, रनविजय सिंह युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, वदन सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह अर्जला, संतोष कुमार सिंह बिहार, रूपेश सिंह झारखण्ड, अरूण सिंह तोमर, प्रतीक सिंह चौळा, चेतना तोमर, गंगा सिंह चौहान, आंनद सिंह तोमर, पुष्पेन्द्र सिंह राठौर दिल्ली, राजाराम सेंगर, योगेन्द्र सिंह भदौरिया, अरिमर्दन सिंह भदौरिया, अनिरूद्ध सिंह भदौरिया, जनक सिंह भदौरिया, बबलू तोमर, पंकज भदौरिया, रामअवतार सिंह वैश्य, अभय सिंह तोमर, राम राजावत, कौशलेन्द्र सिंह चौहान, मुकेश परिहार आदि उपस्थित रहे।

## प्रजापत समाज ने ठाकुरजी कि रेवाडी हर्षोल्लास से निकाली,समाज के सैकडो लोग उमड़े



पुष्पांजली टूडे

पाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ऐतिहासिक तौर पर सादड़ी की रेवाड़ी का महत्व है जलझूलनी एकादशी को सादड़ी के विभिन्न ठाकुरजी के देवालय से सभी धर्म प्रेमी लोगों की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास से रेवाड़ी निकाली जाती है जलझूलनी एकादशी को नगर के श्रीयादेवी मंदिर से ठाकुरजी की रेवाड़ी प्रजापत समाज द्वारा निकाली गई प्रजापत समाज के श्री श्रीयादें प्रजापति युवा संगठन सादड़ी अध्यक्ष रमेश प्रजापत पार्षद ने बताया कि देवझूलनी एकादशी को कई मंदिरों से भगवान की झांकियां निकाली गई इन्हें देखने प्रजापत व अन्य समाजों के श्रद्धालुओं कि सैकड़ों की तादात में भीड़ उमड़ पड़ी ठाकुरजी की रेवाड़ी को नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मगाई नदी में स्नान कराने के लिए ले जाया गया जहां कई लोगों की उपस्थिति में ठाकुर की विधिवत पूजा अर्चना कर जयकारों के साथ विसर्जित किया गया उस मौके पर श्री श्रीयादें मंदिर के पुजारी मनरूपदास वैष्णव,गणपतदास वैष्णव,भुराराम, पार्षद रमेश प्रजापत,रामपाल सिंह मेवाड़ा

## राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम दूंगा



**नई दिल्ली।** संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण को लेकर दिए बयान पर उनकी जीभ काटने वाले को 11 लाख के इनाम की घोषणा की। विधायक गायकवाड़ ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया है। गायकवाड़ ने कहा कि महाराष्ट्र और देश के पिछड़े और दबे हुए दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लोगों को संविधान में बाबासाहेब अंबेडकर ने आरक्षण दिया है। ऐसे में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर आरक्षण खत्म करना है, ऐसा बयान देते हैं। गायकवाड़ ने कहा कि इसका मतलब है कि कांग्रेस ने अपना सही चेहरा लोगों को दिखा दिया है। इनके पेट में दर्द हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी संविधान बदल देंगे। ऐसा फेक और नेगेटिव नैरेटिव फैलाया गया और वोट लिया। आज ये ओबीसी, दलित और आदिवासियों के आरक्षण को खत्म करने की बात कह रहे हैं। गायकवाड़ ने साफ कहा कि जीभ जो काटेगा, मैं उसे 11 लाख रुपये इनाम दूंगा।

## 4 लाख रुपये और मकान खाली करने का दबाव, गीता कॉलोनी डबल मर्डर केस में पुलिस का बड़ा खुलासा

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गीता कॉलोनी में दिनदहाड़े हुए सनसनीखेज डबल मर्डर का खुलासा किया है। पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा है। इस पर दो सगे भाइयों की हत्या करने का आरोप है। मर्डर में इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक देशी पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। शनिवार की शाम 6ः41 बजे पुलिस थाना गीता कॉलोनी इलाके में शहीद और इरशाद नाम के दो सगे भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई थी। दोनों मृतक व्यक्ति सगे भाई थे। मृतक इरशाद उर्फ बॉबी शादीशुदा था। दिल्ली के रानी गार्डन में उसका अपना मकान था। जहां वे रहते थे। दोनों मृतक बरेली, यूपी के रहने वाले थे। परिवार में दो भाई और तीन बहनें थीं। दोनों मृतक भाइयों की मां का निधन हो चुका है। उनके पिता अपनी दूसरी पत्नी के साथ अलग रह रहे हैं। दोनों मृतक भाइयों पर आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इरशाद उर्फ बॉबी पर डकैती के दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। शाहिद उर्फ आशु पर हत्या के प्रयास के एक मामले में केस दर्ज है। क्राइम ब्रांच की टीम भी इस मामले की जांच कर रही थी। टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। स्थानीय इनपुट भी जुटाए। शूटर की पहचान एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई, जो घटना के बाद से फरार था। अपराध में शामिल किशोर की पहचान होने पर फोर्स को तैनात किया गया। नाबालिग को निजामुद्दीन बस्ती से पकड़ा गया है। उससे जेडब्ल्यूओ की मौजूदगी में लंबी पूछताछ की गई। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसने करीब 4-5 साल पहले मृतक भाइयों के पिता असफाक से रानी गार्डन स्थित मकान का ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर किराए पर लिया था। उस समय सिक्योरिटी के बदले 4 लाख रुपए दिए थे। यह किराए का मकान मृतक भाइयों के घर के ठीक सामने उसी गली में है। इस संबंध में उनके पास लिखित दस्तावेज है। यह तय हुआ था कि 4 लाख रुपए चुकाए जाने तक वे बिना किराए के मकान में रह सकते हैं। लेकिन इसके तुरंत बाद असफाक ने अपनी दूसरी पत्नी से शादी कर ली। वहां से कहीं अज्ञात जगह चला गया।

# कैसे मनाऊँ इन डॉक्टरों को! प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स को पांचवी और आखिरी बार बात करने के लिए ममता ने भेजा निमंत्रण

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन हुए। लेकिन आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर डॉक्टर अभी भी प्रदर्शन कर रहे हैं। जिन्हें मनाने के लिए ममता बनर्जी लगी हुई हैं। ममता सरकार ने जूनियर डॉक्टरों से बात करने के लिए एक बार फिर से लगातार पांचवी और आखिरी बार अपना निमंत्रण भेजा है। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों को एक ईमेल के जरिए सरकार की तरफ से मुख्य सचिव मनोज पंत ने निमंत्रण भेजा है। जिसमें यह कहा गया है कि, यह पांचवीं और आखिरी बार है जब हम माननीय मुख्यमंत्री और आपके प्रतिनिधियों के बीच बैठक के लिए आपसे संपर्क कर रहे हैं। पिछले दिन की हमारी चर्चा के अनुरूप, हम एक बार फिर आपको माननीय मुख्यमंत्री के साथ उनके कालीघाट आवास पर खुले दिमाग से चर्चा के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।÷ इसके अलावा मनोज पंत ने ये भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 9 सितंबर के निर्देश के अनुसार जूनियर डॉक्टरों को अपने काम पर लौट जाना चाहिए। इससे पहले जूनियर डॉक्टरों से बात करने के लिए ममता बनर्जी ने पहले भी कई कोशिशें की लेकिन जूनियर डॉक्टरों ने इस जघन्य मामले में न्याय मिलने और कई शीर्ष अधिकारियों को हटाए जाने तक काम पर लौटने से इनकार कर दिया। लाइव-स्ट्रीमिंग जैसे कई मुद्दों पर असहमति के कारण राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच पहले की बैठकें रद्द कर दी गईं।

मुख्य सचिव मनोज पंत ने इस बात पर जोर दिया कि



बैठक की वीडियोग्राफी या लाइव-स्ट्रीमिंग नहीं की जाएगी। बता दें कि पिछली बैठक भी इसी वजह से रद्द की गई थी। भेजे गए ईमेल में आगे यह भी कहा गया है कि, ÷हमें विश्वास है कि आपसी सहमति के अनुसार तथा एक दिन पहले मीडिया को दिए गए आपके बयान के अनुसार - बैठक की कोई लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियोग्राफी नहीं होगी, क्योंकि मामला देश की सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन है। इसके बजाय, बैठक के मिनट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा और दोनों पक्षों द्वारा उस पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। आगे मेल में लिखा कि, ÷बैठक आज यानी 16 सितंबर 2024 को शाम 5 बजे माननीय मुख्यमंत्री के कालीघाट स्थित आवास पर निर्धारित है। पिछली चर्चा के लिए आए प्रतिनिधिमंडल से अनुरोध है कि वे आज शाम 4ः45 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें। हम आपकी सकारात्मक प्रतिक्रिया और एक उत्पादक और फलदायी चर्चा की उम्मीद करते हैं। मुख्यमंत्री और जूनियर डॉक्टरों के बीच पहले से तय बैठकों में नाटकीय दृश्य देखने को मिले। 12 सितंबर को डॉक्टरों ने ममता बनर्जी से मिलने के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना गए, लेकिन बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता। ममता बनर्जी की जूनियर डॉक्टरों का इंतजार करने की तस्वीरें भी वायरल हुई और उन्होंने कहा कि उन्होंने दो घंटे तक इंतजार किया। शनिवार को मुख्यमंत्री के राज्य स्वास्थ्य सचिवालय में डॉक्टरों के विरोध स्थल पर अचानक पहुंचने के बाद एक और बैठक की योजना बनाई गई थी। जूनियर डॉक्टर शाम 6.45 बजे उनके आवास पर पहुंचे। डॉक्टरों की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग और अधिकारियों के इनकार की वजह से उस दिन बैठक रद्द कर दी गई। डॉक्टर बारिश में मुख्यमंत्री के घर के बाहर इंतजार करते रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें बैठक की वीडियोग्राफी करने की अनुमति दी जाए। राज्य सरकार ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि वह बैठक की रिकॉर्डिंग करेगी और बाद में डॉक्टरों को रिकॉर्डिंग प्रदान की जाएगी क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जिसके बाद ममता बनर्जी बाहर आईं और डॉक्टरों को अंदर बुलाया। उन्होंने कहा कि, ÷आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं, मैं आपको गुमराह नहीं करूंगी। भले ही आप बैठक में शामिल न हों, कम से कम एक कप चाय तो पी लें।÷ उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर उनका ÷अपमान÷ कर रहे हैं। डॉक्टरों ने जोर देकर कहा कि उन्हें रिकॉर्डिंग चाहिए। फिर उन्होंने कहा कि मैं ÷आपकी सभी मांगों को स्वीकार नहीं कर सकती÷। उस रात बाद में, डॉक्टरों ने बैठक में शामिल होने का फैसला किया, लेकिन राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और मुख्य सचिव मनोज पंत ने उन्हें बताया कि बहुत देर हो चुकी है।

# किसानों को फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है : राष्ट्रीय सचिव चंदन यादव

## जिले में कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा 20 सितंबर को निकलेगी

**भिण्ड ।** किसान न्याय यात्रा 20 सितंबर 2024 की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस एवं जिला शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी चंदन यादव और किसान न्याय यात्रा के जिला प्रभारी पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव की मौजूदगी में आयोजित की गई । उक्त बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा गोहद के विधायक केशवदेसाई,मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग बी ग्रेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, पिंकी,राहुल भदोरिया,अनिरुद्ध प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे किसान न्याय यात्रा दबोहा मोड से पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी चौराहे तक आयोजित की जाएगी किसान न्याय यात्रा में हजारों की संख्या में कांग्रेस जन और किसान अपने ट्रैक्टरों सहित शामिल होंगे।

बैठक में बोलते हुए मुख्य अतिथि चंदन यादव ने कहा की मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में किसानों को फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। जिससे खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर है, मध्य प्रदेश में किसानों को सरसों सोयाबीन सहित सभी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मनसा अनुसार किसानों को खेती लाभ का धंधा बनाने के लिए कांग्रेस पूरे भारत में जिला स्तर पर किसान न्याय यात्रा निकाल रही है। किसान न्याय यात्रा के माध्यम से कांग्रेस सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करेगी। उक्त बैठक में बोलते हुए किसान न्याय यात्रा के जिला प्रभारी पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में किसानों को खाद बीज डीएपी यूरिया नहीं मिल पा रहा है और मिल भी रहा है,तो कीमतें अधिक है खाद बीज डीएपी यूरिया में मिलावट हो रही है,जिससे किसानों की फसलों की पैदावार कम होती है और किसान घाटे में चला जाता है मध्य प्रदेश सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध नहीं करा पा रही है डीएपी




यूरिया किसानों को ब्लैक में भी लेना पड़ता है डीएपी यूरिया की कालाबाजारी बड़ी जोर शोर से चल रही है। गोहद विधायक केशव देसाई ने कहा की मध्य प्रदेश में किसान सबसे ज्यादा आत्महत्या कर रहा है सरकार किसानों के लिए योजनाएं कागजों पर ला रही है जमीन पर स्थित शून्य है मध्य प्रदेश का किसान बिजली के लिए खाद के लिए और यूरिया के लिए परेशान है और पूरे भिंड जिले में निराश्रित गौवंश की भयंकर समस्याएं जो फसलों को चौपट कर रहे हैं और हाल ही में नदियों में बाढ़ आने से बड़े स्तर पर फैसले प्रभावित हुई है, फसलों के इस नुकसान का सर्वे जल्द करना चाहिए। उक्त बैठक को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,मध्य प्रदेश सेवादल यंग बी ग्रेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया पिंकी,राहुल भदोरिया,अनिरुद्ध प्रताप सिंह,नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती रेखा भदोरिया,अटेर ब्लॉक के अध्यक्ष अरविंद बघेल,गोहद ब्लॉक के अध्यक्ष आशीष गुर्जर,गोरमी ब्लॉक के अध्यक्ष संजीव करैया, आमायन ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने किया। उक्त बैठक में विशेष रूप से पान सिंह बाबूजी,मनोज देपुरिया,प्रमोद दीक्षित,पीसी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी,वीरेंद्र यादव, दर्शन सिंह तोमर,संजीव बरुआ गजेंद्र यादव बलराम जाटव,कुलदीप भारद्वाज, राहुल सिंह कुशवाह,मोहम्मद,इरफान गामू अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी,आनंद शाक्य,गोविंद राजावत,राजू त्रिवेदी, राघवेंद्र काँकर संजय यादव,श्रीमती रीना चौहान,श्रीमती स्मिता शर्मा जानकी,महेश जाटव,राजकुमार शर्मा अकोड़ा, आनंद त्रिपाठी, प्रशांत जोशी,सुनील कुमार,शिव प्रताप सिंह,सुरेश कुशवाह,विकास सिंह,अभय राजावत,राजीव जाटवइंद्रेश भदोरिया,इमरान खान,रिंकू शर्मा,योगेश जोशी,आशु जोशी,रामबरन सिंह,सोनू बिधोलिया, प्रदीप भदोरिया,करू भदोरिया,मसूरी राम रतन यादव,हरेंद्र त्यागी,वैभव चौधरी,आकाश शर्मा,अमूल जैन सहित एक सैक?ा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्राचीन गणेश मंदिर पहुंचे लहार विधायक अम्बरीश शर्मा ने की गणपति बप्पा की पूजा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। नगर दबोह के प्राचीन सुप्रसिद्ध श्री गणेश मंदिर पर रविवार की रात लहार के युवा विधायक अम्बरीश शर्मा(गुड्डू)पहुंचे।जहां पर उन्होंने रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति गजानन के दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।आपको बता दें कि रविवार को लहार विधायक अम्बरीश शर्मा दबोह-आलमपुर क्षेत्र के दौरे पर थे बाड़ पीड़ितो के बीच मौके का मुआयना करने पहुंचे थे।जिस दौरान रात्रि में वापस लौटते समय उन्होंने नगर के गणपति बप्पा मंदिर पर दर्शन कर पूजा अर्चना की।इस दौरान लहार विधायक अम्बरीश शर्मा ने कहा की के प्रमुख मंदिरों में से गणपति का मंदिर एक है जहां पर अर्जी लगाने से हर मनोकामना पूर्ण होती है आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हुई लगातार बारिश के चलते कुदरत का कहर जनमानस पर टूट पड़ा है जिसके चलते उनका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है,भगवान गणेश जी से क्षेत्र की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय व नगरीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर में धूमधाम से निकाला गया जुलूस

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**





दबोह। इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी को नगर के मुसलमान भाइयों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर नगर के सभी मुसलमान भाइयों ने धूमधाम के साथ गाजे बाजे की गूंज के संग एक विशाल जुलूस निकाला यह जुलूस वार्ड नं.14 पुरानी टंकी के समीप स्थित मस्जिद से प्रारंभ हो कर चौक मोहल्ला,गणेश चौके,झंडा चौक के रास्ते मुख्य बाजार से होते हुए करधेन तालाब पर स्थित मजार पर फतवा पड़ कर तबर्रुड़ वितरण कर समापन की ओर ले जाया गया।इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गों पर मुस्लिम भाइयों ने लंगर वितरण किया।जनाब मंगल पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद मिलाद-उन-नबी को ईद-ए-मिलाद के नाम से भी जाना जाता है।इस्लाम धर्म में ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। ईद मिलाद-उन-नबी इस्लामी कैलेंडर के तीसरे महीने रबी अल-अव्वल की 12वीं तारीख को मनाया जाने वाला एक खास इस्लामिक त्योहार है।इस दिन मुस्लिम समुदाय में विशेष प्रार्थनाएं,समारोह और जश्न मनाए जाते हैं।लोग मस्जिदों में जाकर प्रार्थना करते हैं और पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करते हैं।

## बुड़वा मंगल पर श्री कांवक्षी सरकार मन्दिर पर होंगे विशेष कार्यक्रम

### महाआरती, छप्पन भोग झांकी, सुंदर कांड व बाल भोग का होगा वितरण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक स्थल श्री कांक्षी सरकार हनुमान मंदिर पर बुड़वा मंगल के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष आयोजन किये जायेंगे।जिसमे रात में हनुमान जी का महाअभिषेक उसके बाद महा आरती,सुबह फूल बंगला झांकी,छप्पन भोग झाँकी,सुबह 07 बजे संगीतमय सुंदरकांड तदोपरांत बाल भोग का वितरण व दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।श्री कांक्षी सरकार पर आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम को



लेकर का कांक्षी सरकार के भक्तों ने बताया कि हनुमान जी की विशेष कृपा और महाराज श्री श्री 1008 महंत रामदास जी महाराज के आदेश से इस वर्ष भी यह विशाल आयोजन समस्त क्षेत्रवासियों, नगरवासियों व धर्मप्रेमी बन्धुओ के सहयोग से होने जा रहा है जिसमे आप सभी लोग सादर आमंत्रित हैं।

**कोर्ट करचरी से हैं परेशान तो लगाइए मंगलवार को परिक्रमा-**

लहार व दबोह के मध्य स्थल हनुमान जी महाराज का सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल काँक्षी सरकार जिनकी स्थापना प्रथ्वीराज चौहान ने करवाई थी, माना यह भी जाता है की यहाँ सच्चे मन से जो भी पाँच मंगलवार फेरी लगाता है उसके बड़े से बड़े संकट टल जाते है, और अगर बात किसी कोर्ट करचरी की हो और भक्त सरकार की शरण मे आ जाये तो भक्त का कोर्ट कचहरी का केस जल्द ही निपट जाता है।आपको बता दें कि मंगलवार और शनिवार को मन्दिर में भगवान के दर्शन के लिये भक्तों की लंबी कतार लगती है।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क वितरण के लिए शिविर आज



**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा देश के आकांक्षी ब्लाक एवं अन्य स्थानों पर 75 सामाजिक अधिकारिता शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस मौके पर चिन्हित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में वृहद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम रिछाई (एलिम्को) जबलपुर द्वारा माह फरवरी 2024 में जनपदों एवं नगर पालिक निगम सतना के दिव्यांगजनों के हुए परीक्षण शिविरों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हाकित किया गया है। भारत सरकार की एडिप योजना के तहत इन्हीं हितग्राहियों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण 17 सितंबर को सेवा शिविर के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजय वर्गीय वर्चुअल रूप से जुडेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और सांसद सतना तथा सभापति अन्य पिछडे वर्गों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति श्री गणेश सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सर्व श्री नागेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं आयुक्त निःशक्तजन कल्याण संदीप रजक भी उपस्थित रहेंगे।

## दबोह नगर का बढ़ा गौरव, दबोह में जन्मे श्यामू श्रीवास्तव ने बढ़ाया नगर का मान

### सीएम कार्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर हुए पदस्थ

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। नगर के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि नगर दबोह की धरती पर जन्मे भगवती शरण श्रीवास्तव के तीन भाइयों में सबसे छोटे सुपुत्र श्यामू श्रीवास्तव अब नगर दबोह का परचम मध्यप्रदेश के हृदय स्थल कहे जाने वाले राजधानी भोपाल में लहराने जा रहे हैं।यहां बताना मुनासिब होगा कि अभी तक श्यामू श्रीवास्तव जिला शिवपुरी के प्रभारी तहसीलदार के रूप में अपने दायित्व का ईमानदारी,लगन और कर्तव्यनिष्ठा से भली-भांति पालन करते रहे थे।इससे पहले भी कई जिलों में अपनी सेवाओं से जनहितैषी नीतियों से जनमानस और प्रशासन के चहेते बने हुए थे।अब वर्तमान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के तौर पर नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।इस खबर से श्यामू जी श्रीवास्तव के सहपाठी रहे मित्रों तथा नगर के सामान्य जनमानस के मन में खुशी की लहर देखने को मिल रही है।

## भाजपा कार्यकर्ता के घर शोक व्यक्त करने पहुँचे लहार विधायक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। दबोह भारतीय जनता पार्टी के लहार विधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डू देर रात भाजपा कार्यकर्ता कोमल पाल के घर पहुचे और उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।जानकारी के लिए बता दे कि बीते रोज भाजपा कार्यकर्ता कोमल पाल के पिता का एक सड़क दुर्घटना के दौरान निधन हो गया था।इस दौरान लहार भाजपा बिधायक अम्बरीश शर्मा के साथ भाजपा नेता राजेंद्र उदैनिया,शिवराज यादव,केशव गुप्ता,शिवनारायण दुबे,अंजनी कुरचानिया,नरेंद्र दुधारिया,मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर,राजेन्द्र यादव,पूर्व पार्षद शेरे पठान,पार्षद जगमोहन(लला) तेहरिया,लालता कुशबाह पार्षद,महामंत्री रविंद्र चिकवा,पूर्व महामंत्री जसवंत दोहरे,ब्रजेंद्र गुर्जर, टिंकू दीक्षित,शोभित कुरचानिया, नारायण सिंह मौजूद रहे।

# बाड़ पीड़ितों के बीच पहुंचे लहार विधायक बोले संकट की घड़ी है, जल्द किया जाएगा सर्वे





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। लहार विधायक अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) रविवार विधानसभा के दबोह क्षेत्र के ग्रामो में बाड़ पीड़ितों के बीच पहुंचे।इस दौरान विधायक अम्बरीष शर्मा ने दबोह क्षेत्र में जाखौली, विजपुर, परैछा व मिहोनी माता मंदिर पहुंचे।जहां उन्होंने बाढ़ पीड़तिों से मुलाकात की।उन्होंने पीड़तिों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक अम्बरीश शर्मा ने सबसे पहले जाखौली ग्राम पहुंचे वहां बारिश से धराशायी हुए मकानों को देखा और स्कूल में रुके बाड़ पीड़ति लोगों से चर्चा की।इसके बाद बस्ती में पहुंचकर बाढ़ की वजह से नष्ट हुए मकानों का जायजा लिया।बाड़ पीड़ियो को भरोसा दिलाते हुए विधायक ने कहा कि शासन की ओर से प्रत्येक पीड़ति परिवार को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाए,इसके भरसक प्रयास किए जाएंगे।आगे उन्होंने कहा कि आप निश्चिंत रहें पानी पूरी तरह से उतरने के बाद प्रशासन की ओर से सर्वे किया जाएगा।जिससे लोगों को उनके हुए नुकसान का मुआवजा मिल सके।ये विपत्ति की स्थिति थी।इससे हम सभी को मिल जुलकर निपटना होगा।उसके बाद विधायक अम्बरीष शर्मा विजपुर और परेछा पहुंचे जहां पर बाड़ पीड़ितों से मिल उनके घरों का मुआयना किया और इस दुख में घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का वादा किया।लहार विधायक अम्बरीष शर्मा ने कहा कि यह कुदरत का कहर था जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और बाड़ जैसे हालात पैदा कर दिए आगे उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में मैं आपके साथ खड़ा हुआ हूं,जल्द से जल्द सर्वे कर मुआवजा दिलाया जाएगा ऐसा विश्वास उन्होंने पीड़ितों को दिलाया।वहीं उन्होंने मौके पर मौजूद प्रभारी एसडीएम शिवांगी अग्रवाल और नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा को बाढ़ से पीड़ति लोगों का ठीक तरह से सर्वे करवाने के निर्देश दिए।इसके बाद विधायक क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मिहोनी माता मंदिर पहुंचे,दरअसल बीते रोज हुई लगातार बारिश से मिहोनी माता मन्दिर में भी बारिश का कहर देखने को मिला था जिस दौरान स्टोर में रखा लगभग 7-8 कुंडल अनाज पानी आने की वजह से बेकार हो गया।वहीं मन्दिर पर बारिश की वजह से मन्दिर की विधुत व्यवस्था ठप्प हो गई थी पुजारी जी के बताने पर लहार विधायक ने शीघ्र वहां ट्रासंफार्मर रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।इस दौरान प्रभारी एसडीएम शिवांगी अग्रवाल,नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा, थाना प्रभारी राजेश शर्मा समेत भाजपा मंडल पदाधिकारी व मण्डल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर संशय बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन्?या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश?वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी।

विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे।

## प्रसन्नचित



इस दुनिया में कौन है खुश,
है अपार संपदा फिर भी रुष्ट,
सब अंग सही फिर भी आलसी,
कल -कल की रट उल्टी चाल सी,
किस काम की भूमि अगर पड़ी बंजर,
कैसा अन्याय खुद के पेट में खंजर,
पहुंचे नजर देखूं तित्त,
हालात जैसे भी हो रहना प्रसन्नचित।
अंधेरे में भी दिमाग की बत्ती जला,
दिखे प्यासा कोई पानी पिला,
दूसरों को खिलाने से मिले सुकून,
मरतों को बचाने के लिए दे खून,
वह इंसान कैसा जिसका पेट शमशान,
करके हजारों गलतियां बनता अनजान,
दुश्मनियां पालने वाला भला कैसा मीत,
हालात जैसे भी हो रहना प्रसन्नचित।
बजाना बीन सांप भी नाचेगा,
अच्छा कर्म करने वालों पर ईश्वर हाथ राखेगा,
मुंह मियां मिट्ठू बनने को जो रहे घूम,
सदा के लिए नहीं होती उनकी धूम,
ज्ञान इतना नहीं दुनिया मुठ्ठी में,
बुरे दौर का पता नहीं चुटकी में,
रखना याद उस प्रभु को नित,
हालात जैसे भी हो रहना प्रसन्नचित।
मुसीबतों का पहाड़ अगर टूटे,
आशाओं के ढेरों लगा बूटे,
खोखला है इंसान तो टूटते अरमान,
हौसला हो बुलंद तो मिलते वरदान,
समस्याओं का भले ही हो अंबार,
हालातों से न समझौता खुद को संवार,
दिल है आईना तो देख अपना चित,
हालात जैसे भी हो रहना प्रसन्नचित।

**- डॉ. विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।**

# जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठ कर

@ राकेश अचल
******



आज सियासत की नहीं, शराब की बात करते हैं। शराब और सियासत का बड़ा नजदीकी रिश्ता है। शराबबंदी करके कोई नेता बड़ा सुधारवादी बन जाता है और कोई नेता शराब घोटाले में फंसकर जेल की हवा खाता है, लेकिन लोग हैं कि शराब पीने से बाज नहीं आते। आ भी नहीं सकते, क्योंकि शराब चीज ही ऐसी है। शराब पीना अगर पुण्य नहीं है तो पाप भी तो नहीं है। हम तो सनातनी हैं, इसलिए शराब को समुद्र मंथन का उपहार मानते हैं, और चाहते हैं कि शराब हर जगह मिले और हर जगह पी जाये। चचा गालिब ने तभी तो शायद कहा है कि-'

**जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठ कर**
**या वो जगह बता दे जहाँ पर खुदा न हो**

भारत में शराबबंदी कि मांग नयी नहीं है। महात्मा गाँधी के समय से लोग शराबबंदी की मांग करते आ रहे हैं। जहाँ तक मुझे याद आता है कि 1960 में राज्य के गठन के बाद से ही गुजरात में शराबबंदी लागू है। यहां गांधी जी के सिद्धांतों का कड़ाई से पालन किया जाता है। साथ ही कड़े कानून लागू हैं। हालांकि चुनाव के समय चोरी छिपे शराब बिकने की खबरें आती रहती हैं। गुजरात के बाद बिहार में अप्रैल 2016 से राज्य भर में शराबबंदी लागू कर दी थी। बिहार की तत्कालीन सरकार ने अपराधों पर लगाम लगाने के मकसद से शराबबंदी लागू की थी। हालांकि सरकार शराब की तस्करी को रोकने में यह नाकाम रही है। आए दिन पड़ोसी राज्यों से बिहार में शराब आने की खबरें आती रहती है। बिहार में शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

कहते हैं कि चर्च, महिला समूहों के नेतृत्व में मिजोरम ने 1997 में शराबबंदी लागू की थी। 2015-2019 के बीच प्रतिबंध हटा लिया गया था। हालांकि, फिर से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। शराबबंदी को लेकर यहां आज भी पक्ष-विपक्ष में चर्चा होती रहती है। लक्षद्वीप में शराब को लेकर बेहद सख्त कानून हैं। यहां सिर्फ कुछ रिसॉर्ट्स में ही शराब की बिक्री और सेवन सीमित है। लक्षद्वीप पर्यटन स्थल होने के कारण कुछ रिसॉर्ट्स में ही शराब मिलती है। लक्षद्वीप में स्थानीय स्तर पर शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। महाराष्ट्र के भी तमाम शहरों में शराब आसानी से नहीं मिलती।

आजकल शराबबंदी को लेकर बिहार एक बार फिर से चर्चा में है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम माझी ने ही बिहार में शराबबंदी को लेकर सवाल किये खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का एक बयान वायरल हो रहा है। जिसमें वो दावा कर रहे हैं कि राज्य में शराबबंदी होने के बावजूद भी वो शराब पीते हैं। उन्होंने 4-5 लाख गरीबों के जेल जाने का दावा किया। मांझी ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग की। माझी की स्पष्टवादिता के हम तो कायल हैं। उन्होंने कहा है कि -हम शराबबंदी के पक्षधर हैं, लेकिन जिस तरीके से यह कानून लागू है वह गलत है। माझी ने कहा कि शराबबंदी कानून के बारे में हम हमेशा कहते रहे हैं कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हम सबने मिलकर शराबबंदी कानून बनाया है। हम इसे बुरा क्यों कहेंगे? लेकिन इसके कामकाज में अनियमितताएं हैं। गरीब लोग भी अगर थोड़ा सा भी शराब पीते हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है, हजारों-लाखों लीटर शराब की तस्करी करने वाले छूट रहा है।

बिहार में शराबबंदी की तीन मरतबा समीक्षा हो चुकी है और सरकार चौथी बार भी शराबबंदी की समीक्षा करने के लिए तैयार है, ये सरकार की दरियादिली है। अब समीक्षा होती है या नहीं, ये बाद की बात है, लेकिन इसी मुद्दे पर बिहार में सरकार बनाने का सपना देख रहे प्रशांत किशोर का कहना है कि यदि वे सत्ता में आये तो बिहार में शराबबंदी को तत्काल समाप्त कर देंगे। लगता है कि प्रशांत किशोर गांधीवादी नहीं बल्कि गालिबवादी हैं। अब उनकी इस घोषणा से बिहार के मदिराप्रेमी कितने उत्साहित होंगे, इसका पता तो बिहार विधानसभा चुनाव के समय पता चलेगा। फिलहाल सब कुछ हवा-हवाई है।

अनेक राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ा चुके प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि अगर जन सुराज की सरकार बनती है तो वो 1 घंटे के भीतर शराबबंदी खत्म कर देंगे। प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून को महज एक दिखावा करार दिया। मौजूदा शराबबंदी को अप्रभावी बताते हुए पीके ने कहा कि इस कानून के कारण राज्य के हर कोने में शराब की अवैध होम डिलीवरी हो रही है और बिहार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। मुझे लगता है कि प्रशांत किशोर सच ही कह रहे हैं। लेकिन सच आजकल सुनता कौन है ?

प्रशांत किशोर उर्फ पीके के शराबबंदी खत्म करने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जेडीयू ने कहा, ह्रप्रशांत किशोर पटना में बेली रोड पर एक हवेली में रहते हैं। उसके ठीक बगल में जेडी वीमेंस कॉलेज है। उसके आगे वीमेंस कॉलेज है। प्रशांत किशोर में हिम्मत है कि वहां लड़कियों के हुजूम के बीच आकर बोले दें कि हमारी सरकार बनी तो शराबबंदी हटाएंगे? छात्राएं उनका होश ठिकाने लगा देंगी। ह्र

भाजपा प्रवक्ता अरविन्द सिंह ने तंज कसते हुए कहा, ह्रकौन हैं प्रशांत किशोर? नहीं जानते हम लोग। एक प्रशांत किशोर का नाम सुने हैं जिन्होंने ममता बनर्जी, कांग्रेस, आरजेडी को जिताने का टेंडर लिया था। वे राजनीतिक दलों को जिताने-हराने का टेंडर लेते हैं। जिस राजनीतिक दल का जन्म नहीं हुआ है उसके नेता बिहार बदलने की बात कर रहे हैं। यह मुंगेरीलाल के हसीन सपने हैं। ह्र आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, ह्रप्रशांत किशोर कह रहे मदिरालय खोलेंगे, लोगों को वह शराब पिलाएंगे। वह लोगों को शराबी बनाएंग। आज तक प्रशांत किशोर वार्ड पार्षद तक का चुनाव नहीं लड़े है। वे सरकार बनाने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। रोज अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। जनता प्रशांत किशोर को खारिज करेगी तब उनको पता चल जाएगा कि जनता राजनीतिक रूप से कितनी जागरूक है। मदिरालय नहीं पुस्तकालय, विद्यालय, महाविद्यालय चाहिए।

मै प्रशांत किशोर से बड़ा सत्यवादी ही नहीं बल्कि गांधीवादी भी हों और पूरी ईमानदारी से कहता हूँ कि मैंने दुनिया के तमाम देशों की मदिरा का स्वाद चखा है, लेकिन मै शराबी नहीं हूँ। मुझे पता है कि भारत में शराब पीने की कानूनी उम्र और शराब की बिक्री तथा खपत को नियंत्रित करने वाले कानून प्रत्येक राज्यों में अलग-अलग हैं। भारत में मुख्य रूप से बिहार, गुजरात, नागालैंड, और मिजोरम राज्यों के अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में शराब का सेवन प्रतिबंधित है। मणिपुर के कुछ जिलों में शराब पर आंशिक रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा अन्य सभी भारतीय राज्य शराब की बिक्री की अनुमति देते हैं लेकिन शराब पीने की कानूनी उम्र को भी तय करते हैं, जो प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग उम्र में निर्धारित होती है।

विदेशों में न गांधीवाद के नाम पर शराबबंदी है और न शराब को लेकर कोई सियासत होती है । वहां शराब एक उपभोक्ता वस्तु है और हर जगह उपलब्ध है। विदेशों में शराब, किराने और दवाएं एक ही छत के नीचे मिलती हैं। शराब से सरकार को राजस्व मिलता है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा। कहीं शराब घोटाले हो जाते हैं और कहीं होकर भी नहीं होते। हर सरकार में एक आबकारी मंत्री होता है। कहीं-कहीं तो मुख्यमंत्री खुद आबकारी मंत्री होता है, क्योंकि आबकारी राजस्व ही सरकारों की आय का प्रमुख मद होता है। बिहार में शराब को लेकर सियासत नकली है। मेरे ख्याल से शराब को लेकर सियासत होना ही नहीं चाहिए। शराब आखिर शराब है। न अच्छी है और न खराब।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अवैध शराब का कारोबार 23466 करोड रुपए का है. फिक्की के मुताबिक अवैध शराब की तस्करी से सरकार को 15262 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। अवैध शराब का कोई रिकॉर्ड नहीं होता है।

हम भारतीय शराब को घर पर भी बनाते हैं और विदेश से भी मंगाकर पीते हैं। एग्री एक्सचेंज किवर्ष (2020-21) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसेज्यादा शराब अमेरिका से आती है। 2020-21 के आंकड़ों के अनुसार, देश में अमेरिका से कुल 325.56 मिलियन अमेरिकी डॉलर की शराब आयात की जाती है। 2020-21यूके से कुल 131.29 अमेरिकी डॉलर की शराब आयात हुई थी. बेल्जियम तीसरे पायदान पर है. जहां से सबसे ज्यादा शराब भारत आयात की जाती है। फ्रांस चौथा ऐसा देश है जहां से कुल 12.67 अमेरिकी डॉलर की शराब आयात की गयी थी सिंगापुर इस लिस्ट में पांचवे पायदान पर आता है। जहां से कुल 12.66 मिलियन शराब आयात की जाती है.हुई थी । कहने का असहय ये है कि शराब एक हकीकत है और इसे लेकर जो भी दल राजनीति करता है वो जनता को धोखा देता है।

भारत में शराब उपभोक्ताओं का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है, फिर भी एक जानकारी कहती है कि 140 करोड़ के देश में से कोई 16 करोड़ लोग तो पक्के शराबी है। आंध्र और तेलंगाना इसमें सबसे आगे हैं। इसके बाद असम, छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा, झारखण्ड, कर्नाटक और केरल का नंबर आता है।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि- शराब का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है तथा कृषि के इतिहास एवं पश्चिमी सभ्यता से इसका गहरा सम्बन्ध है। वर्तमान समय में अंगूर पर आधारित किण्वित पेय का सबसे पुराना अस्तित्व 7 हजार ईसा पूर्वष पूर्व में चीन में होना सिद्ध है। शराब शाकाहारी उत्पाद है। इसके विभिन्न नाम और रूप है। शराब को रम, विस्की, चूलईया, महुआ, ब्रांडी, जीन, बीयर, हंड़िया भी कहा जाता है। शराब के सेवन को कई समाज में धार्मिक व अन्य सामाजिक अनुष्ठानों से भी जोड़ा जाता है। परन्तु कोई भी समाज या धर्म इसके दुरूपयोग की स्वीकृति नहीं देता है हालाँकि पांच मकार में मदिरा शामिल है। शराब स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है या हानिकारक ये तो तय नहीं लेकिन हमारे यहां वैधानिक चेतावनी दी जाती है कि शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

# बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल



केंद्र सरकार ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में महत्वपूर्ण प्रावधान जोड़ा है. अब 70 साल और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया गया है. इस बीमा के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं रखी गयी है. इस व्यवस्था से 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ मिलने का अनुमान है.

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत के तहत पहले सबसे निर्धन 40 परिवारों को पांच लाख रुपये का बीमा संरक्षण का प्रावधान था. अब बुजुर्गों के लिए आय की शर्त को हटा दिया गया है. जिन परिवारों को पहले से इस बीमा योजना का लाभ मिल रहा है, उनके बुजुर्गों को पांच लाख रुपये की अतिरिक्त बीमा सुरक्षा मिलेगी, जिसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना पड़ेगा. जिन वरिष्ठ नागरिकों को केंद्र सरकार की अन्य बीमा योजनाओं का लाभ पहले से मिल रहा है, उनके पास यह विकल्प होगा कि वे पुरानी बीमा के साथ बने रहें या आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठायें. लेकिन जिन लोगों के पास निजी कंपनियों की बीमा पॉलिसी है या राज्य के कर्मियों के लिए लागू योजनाओं के तहत स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा मिली हुई है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी मिलेगा.

निश्चित रूप से बीमा योजना का विस्तार एक सराहनीय निर्णय है. हमारे देश में 2022 में बुजुर्गों की संख्या 15 करोड़ से कुछ कम थी, जो 2050 तक लगभग 35 करोड़ हो जायेगी. इस गंभीर आर्थिक एवं स्वास्थ्य चुनौती का सामना करने में इस बीमा योजना से बड़ी मदद मिलेगी. यह चिंताजनक तथ्य है कि बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा, बैंक ऋण, ड्राइविंग लाइसेंस आदि उपलब्ध नहीं कराया जाता है. इतना ही नहीं, उन्हें वीजा देने में भी आनाकानी की जाती है. कई लोगों ने इस पर भी ऐतराज जताया है कि सरकारी नियमों के कारण उन्हें अपनी पुराने वाहन बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है.

निजी बीमा कंपनियां बुजुर्गों से अधिक प्रीमियम वसूलती हैं. संतानों के दुर्व्यवहार के मामले नियमित रूप से सामने आते रहते हैं, जबकि इसके संबंध में पहले से ही कानून है. राज्य सरकारें जो वृद्धावस्था पेंशन देती हैं, उस मामूली रकम के लिए बुजुर्गों को दफ्तरों और बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं. बुजुर्ग अपराध के भी आसान शिकार होते हैं. अध्ययन रेखांकित करते हैं कि अधिकतर बीमार बुजुर्ग अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ देते हैं. उन्हें दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है. बहुत से बुजुर्गों के पास कोई बीमा सुरक्षा नहीं है और 60 साल से अधिक आयु के 20 प्रतिशत वृद्ध गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे हैं. इस स्थिति में आयुष्मान भारत बीमा उनके लिए बड़ा संबल साबित होगा.

# खाड़ी देशों के साथ मजबूत होते रिश्ते

डॉ धनंजय त्रिपाठी



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान की भारत यात्रा कई मायनों में बहुत अहम है. उन्होंने पिछले साल क्राउन प्रिंस का दायित्व संभाला है तथा भविष्य में वे संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति भी हो सकते हैं. यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हुई है. इस दौरे में अनेक महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं. इसमें एक बड़ा समझौता परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर है. कुछ दिन पहले ही संयुक्त अरब अमीरात के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य पूरा हुआ है. यह अरब देशों में स्थापित होने वाला पहला ऐसा संयंत्र है. इस समझौते को इसलिए बहुत अहम माना जा रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों के राजनीतिक और रणनीतिक संबंधों को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है.

**खाड़ी देशों के साथ तेल और गैस को लेकर उल्लेखनीय समझौते**

इस दौरे में तेल और गैस को लेकर भी उल्लेखनीय समझौते हुए हैं, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद अहम हैं. अत्याधुनिक तकनीकों तथा क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है. निवेश की कुछ परियोजनाओं पर भी समझौता हुआ है. क्राउन प्रिंस शेख खालिद की इस यात्रा की उपलब्धियों को बीते कुछ समय में संयुक्त अरब अमीरात के साथ हुए समझौतों के साथ रख कर देखा जाना चाहिए. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल पर सहमति बनी है. अमीरात भारत के सबसे बड़े निवेशक देशों में है.

**भारत में दस वर्षों में सौ अरब डॉलर निवेश का वादा**

साल 2022 में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान अमीरात और भारत के बीच एक व्यापक व्यापार समझौता हुआ था, जिसके तहत अमीरात ने भारत में दस वर्षों में सौ अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश समझौता भी है. इन प्रयासों से द्विपक्षीय व्यापार को बड़ी गति मिली है. साल 2022 में यह व्यापार 72 अरब डॉलर का था, जो 2023 में बढ़कर 84 अरब डॉलर हो गया. उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात भारत के लिए पहला ऐसा देश है, जिसके साथ व्यापार और निवेश दोनों के संबंध में समझौते हैं. विभिन्न खाड़ी देशों की तरह अमीरात में भी बहुत बड़ी संख्या में भारत के लोग काम करते हैं. अमीरात ने यह हमेशा रेखांकित किया है कि उसके विकास में भारतीयों का अग्रणी योगदान रहा है. यह बात भी बड़े दिनों से चल रही है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआइ को अमीरात में भी लागू किया जायेगा और वहां के स्थानीय एप के साथ उसे जोड़ा जायेगा. अपनी मुद्रा में कारोबार और यूपीआइ प्रणाली से वहां कार्यरत भारतीयों और भारतीय पर्यटकों को बहुत फायदा होगा तथा उन्हें भारत में अपनी कमाई भेजने में भी सहूलियत होगी.

**अरब जगत में संयुक्त अरब अमीरात की बड़ी अहमियत**

अरब जगत में संयुक्त अरब अमीरात की बड़ी अहमियत है. वह वैश्विक व्यापार का एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट प्वाइंट है तथा उसका राजनीतिक प्रभाव भी है. उसके साथ भारत के गहराते संबंधों से यह इंगित होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में, भारत के प्रभाव में भी ठोस बढ़ोतरी हो रही है. बीते वर्षों में उस क्षेत्र को लेकर भारत ने बहुआयामी रणनीति अपनायी है, जिसके तहत सऊदी अरब के साथ संबंधों में बेहतरी आयी है. पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की राजकीय यात्रा भी हुई थी. जब अगस्त 2019 में भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 को लेकर संशोधन किया था, तब पाकिस्तान ने सऊदी अरब से इसका विरोध करने का अनुरोध किया था, लेकिन उस निवेदन को सऊदी अरब ने ठुकरा दिया था. पश्चिम एशिया में संबंध बेहतर बनाने में भारत को सफलता मिली है, उससे न केवल उस क्षेत्र में उसके प्रभाव में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि विश्व राजनीति में भी उसका महत्व बढ़ा है. कतर के साथ भी हमारा बड़ा ऊर्जा व्यापार है. कुछ समय पहले वहां गिरफ्तार भारतीयों को भी मुक्त कराने में सफलता मिली थी. कतर में भी भारतीय अप्रवासियों की बहुत बड़ी संख्या है. साथ ही, दोहा हवाई मार्ग का एक अहम पड़ाव है. बहरीन से भी सहयोग बढ़ रहा है.

**विदेश मंत्री एस जयशंकर सऊदी अरब के दौरे पर**

जब शेख खालिद भारत में थे, तब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर सऊदी अरब के दौरे पर थे. वहां वे खाड़ी देशों के विदेश मंत्रियों के साथ साझा बैठक के लिए गये थे. यह पहला अवसर है, जब खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ भारतीय विदेश मंत्री की संयुक्त बैठक हुई है. अब यह बैठक आगे नियमित रूप से होती रहेगी. यह भी पश्चिम एशिया से गहरे होते रिश्तों का एक उदाहरण है. खाड़ी देशों पर भारत की ऊर्जा निर्भरता है. हमने देखा है कि भू-राजनीतिक या अन्य कारणों से जब आपूर्ति बाधित होती है या तेल एवं गैस के दामों में वृद्धि होती है, तब भारत के लिए मुश्किल स्थिति पैदा हो जाती है. जैसा पहले कहा गया है, इन देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं. ऊर्जा सुरक्षा और अप्रवासी भारतीयों के हितों की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि शीर्ष स्तर पर भारत का नियमित संपर्क एवं संवाद इन देशों के नेतृत्व के साथ रहे. खाड़ी देश व्यापार और निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि वे अपनी अर्थव्यवस्था में विविधता ला सकें. अभी तक उनकी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार तेल और गैस जैसे प्राकृतिक संसाधन रहे हैं. चूंकि अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए भारत को भी व्यापार और निवेश की आवश्यकता है, तो यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम खाड़ी देशों के साथ व्यापक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान दें. भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति देख कर उन देशों को भी ऐसा लगता है कि भारत में निवेश लाभप्रद साबित हो सकता है.

**वैश्विक राजनीति और कूटनीति का गहरा संबंध**

संयुक्त अरब अमीरात समेत खाड़ी देशों से बढ़ते व्यापार और निवेश को देखते हुए यह आशा की जा सकती है कि इस संबंध में आगे भी वृद्धि होती रहेगी. आज के दौर में वैश्विक राजनीति और कूटनीति का गहरा संबंध व्यापार एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों से है. चाहे फारस की खाड़ी हो, लाल सागर हो, स्वेज नहर हो, ऐसे समुद्री मार्ग भारत के आयात-निर्यात के लिए महत्वपूर्ण हैं. ये रास्ते निर्बाध रहें, इसके लिए भी जरूरी है कि पश्चिम एशियाई देशों से हमारे रिश्ते अच्छे रहें. हिंद महासागर में शांति और स्थिरता के लिए भारत भी प्रयासरत है. इसमें अरब के देश अहम योगदान दे सकते हैं. पश्चिम एशिया की हलचल वैश्विक परिस्थितियों पर बड़ा असर डालती है, इसलिए भी ये रिश्ते अहम हैं.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

# मुख्यमंत्री आज आएंगे चाकघाटः कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 17 सितम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट आएंगे। मुख्यमंत्री चाकघाट में आयोजित समारोह में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करेंगे। समारोह में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समारोह स्थल का भ्रमण कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने हेलीपैड, स्वास्थ्य जाँच शिविर स्थल तथा मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समारोह स्थल में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्व के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मुख्य मंच तथा पूरे परिसर में साज-सज्जा का कार्य आज ही पूरा करा दें। वाहनों की पार्किंग मुख्य मार्ग के किनारे ही करनी होगी। मुख्य मार्ग के किनारे पार्किंग की उचित व्यवस्था करा दें।



कार्यक्रम स्थल में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने परिचय पत्र साथ रखें। कलेक्टर ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में 100 सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिविर में पर्याप्त काउंटर बनाकर स्वास्थ्य की जाँच, दवा वितरण, पैथालॉजी तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। स्वास्थ्य जाँच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात रखें। मुख्य समारोह में शामिल होने वाले स्वच्छताग्रही तथा सफाई कर्मियों के बैठने के लिए पृथक से व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री जी विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। चुने हुए हितग्राहियों को मंच के समीप बैठने की व्यवस्था करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी पण्डाल के प्रत्येक सेक्टर में पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी अधिकारी बारिश की आशंका को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने साफ-सफाई व्यवस्था, साउण्ड सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था तथा मंच की साज-सज्जा के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के समय आयुक्त नगर निगम तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीओपी उदित मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रास्ते में खड़ी दीवाल को प्रशासन ने किया जमींदोज, हाई कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

## रीवा में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण किया जमींदोज, उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कार्यवाही, रास्ते की जमीन पर था कब्जा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। हाई कोर्ट के आदेश के बाद आज प्रशासनिक अमला दल-बल के साथ अजगरहा गांव पहुंचा। जहां रास्ते में खड़ी दीवाल को जमींदोज किया है। रास्ते में खड़ी दीवाल से गांव के कई लोगों का रास्ता बंद था। रास्ता खुलवाने के लिए गांव के लोगों द्वारा तहसील न्यायालय में आवेदन दिया गया था। जहां से फैसला पीड़ित के पक्ष में आया। इसके बाद कमिश्नर न्यायालय में पूरे मामले की सुनवाई चली। जहां भी पीड़ित को जीत मिली। आखिरकार मामला हाई कोर्ट पहुंचा था। जहां से रास्ता खोले जाने का आदेश मिलने के बाद आज प्रशासनिक अमले ने उक्त दीवाल को जमींदोज किया।

**क्या कहते हैं नायब तहसीलदार**–मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला ने बताया कि अजगरहा में आराजी नम्बर 807 है। जिसके पीछे प्रेमलाल सिंह उम्र 75 वर्ष निवासरत हैं। जहां दीवाल खड़ी थी। वहां से इनका रास्ता बहाल था। आगे चलकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा इसमें कब्जा कर लिया गया था। रास्ते पर दीवाल खड़ी कर दी गई थी। टीन शेड बनाकर मवेशी को बांधा जाने लगा। जिससे प्रेमलाल सिंह का रास्ता बंद हो गया। प्रेमलाल सिंह द्वारा रास्ता खोले जाने को लेकर तहसील न्यायालय में आवेदन किया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम और कमिश्नर सर के कोर्ट में आवेदन दिया। जहां उनके पक्ष में फैसला हुआ। पालन के लिए प्रेमलाल सिंह हाईकोर्ट गए। जहां से आदेश मिलने के बाद आज रास्ता बहाली की गई है।



**मौके पर मौजूद रहा भारी पुलिस बल**–नायब तहसीलदार ने बताया कि दो पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। एक पक्ष यादव परिवार था। तो दूसरा पक्ष पटेल परिवार था। पटेल परिवार द्वारा रास्ता खोले जाने को लेकर प्रशासन में अपील की गई थी। जहां से उनके पक्ष में फैसला होने के बाद आज दोनों तरफ 5-5 फिट का रास्ता खुलवाया गया है। यहां विवाद की कोई स्थिति निर्मित नहीं है। दोनों पक्ष पूरे मामले से वाकिफ है। दोनों पक्षों के पास सभी दस्तावेज हैं। तो वहीं कार्रवाई के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बुल्डोजर द्वारा रास्ते में खड़ी दीवाल जमींदोज किया गया।

# श्री गणेश विसर्जन में पूरे शहर में रहेगा धूम धड़ाका

## दोपहर 02 बजे गाजे-बाजे, रंग गुलाल के साथ निकलेंगे गणपति बप्पा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। ग्यारह दिवसीय श्री गणेशोत्सव का समापन आज 17 सितम्बर को दोपहर 02 बजे से विसर्जन के लिये समूचे नगर से समूहो में श्री गणेश महाराज की चौकियॉ झॉकियां निकाल कर विसर्जन स्थल पर धूमधाम गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते, रंग गुलाल खेलते पहुचेगी। जहॉ पूजा अर्चना के साथ अगले साल फिर आने का वादा लेकर गणपति बप्पा को ससम्मान विदाई दी जायेगी। यह जानकारी हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के संस्थापक संरक्षक नारायण डिगवानी ने दी है। धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने श्री गणेशोत्सव को शान्तिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये अपनी शुभकामनाये सभी गणेश पंडाल समितियों एवं नगर वासियों को दी है। उन्हेने जिला प्रशासन एवं पुलिस



प्रशासन से विसर्जन हेतु निकलने वाली सभी चौकियो की समुचित सुरक्षा के लिये आग्रह किया है एवं प्रतिमाओ के विसर्जन में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये कहा है। धर्म परिवार इस वर्ष सभी पंडालो को जिन्होने श्री गणेश की प्रतिमाओं की भव्य स्थापना की है उनको आगामी 22 सितम्बर को एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। निर्णायक मंडल के प्रमुख महासचिव सुरेश विश्नोई सदस्य युवा अध्यक्ष सुमित मॉंजवानी नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एड0 द्वारा किये गये निर्णयानुसार प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किये जायेगे। धर्म परिवार के संरक्षक सुनील अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष चल समारोह नही निकाला जा रहा है। श्री गणेश समितियॉ समूह बनाकर अपने-अपने क्षेत्र से चौकियॉ निकाल कर विसर्जन स्थलो तक पहुॅचेगी धर्म परिवार द्वारा दोपहर 02:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक श्री गणेश प्रतिमायें विसर्जन के लिये समय निर्धारित किया है ता कि नगर में सभी लोगो को दर्शन का लाभ मिल सके एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस को मदद मिल सके श्री विश्वकर्मा बाबाघाट एवं व्यंकट भवन में चलित अस्थाई कुॅड बनाने हेतु नगर निगम से अनुरोध किया गया है।

# टीचिंग से बचने के लिए रची ऐसी साजिश कि डीईओ के साथ ही कलेक्टर का भी सिर चकराया।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जिले के लालगांव क्षेत्र स्थित हरदी गांव में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय को शून्य घोषित करने की कोशिश की गई आरोप है कि शिक्षक ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को जबरन टीसी थमा दी जिन बच्चों ने स्कूल में नहीं ली, उनके घर जाकर शिक्षक ने टीसी दे दी ये भी आरोप है कि शिक्षक ने बच्चों के पैरेंट्स से कहा कि सरकार इस स्कूल को बंद कर रही है इसलिए टीसी दी जा रही है. शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच की तो शिक्षक द्वारा जबरन टीसी थमाने की बात सही निकली इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को सस्पेंड कर दिया।

**ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिक्षक की शिकायत**–दरअसल, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी में दिनकर प्रसाद मिश्रा के साथ ही एक और टीचर की पदस्थापना की गई शिक्षक पर आरोप है कि उसने ने स्कूल बंद करने के नाम पर बच्चों की टीसी काट दी ऐसे इसलिए किया गया कि जब स्कूल में बच्चे ही नहीं होंगे तो वह पढ़ाई कराने से मुक्त रहेंगे टीसी देने के बाद शिक्षक ने कहा कि अब वे लोग विद्यालय न आएं. इस मामले की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से की गई।

**कलेक्टर ने टीम गठित कर कराई जांच**–इसके बाद कलेक्टर ने जांच के लिए एक टीम गठित की इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता स्वयं मामले की जांच करने विद्यालय पहुंचे उन्होंने पाया कि स्कूल को शून्य करने के लिए शिक्षक ने टीसी काटी इसके बाद कलेक्टर के आदेश पर शिक्षक दिनकर प्रसाद मिश्रा को डीईओ ने निलंबित कर दिया कलेक्टर के आदेश पर विद्यालय में दूसरी शिक्षिका को तैनात करके बच्चों को वापस स्कूल बुलाया गया आरोप है कि शिक्षक दिनकर प्रसाद मिश्रा ने विद्यालय को शून्य घोषित करते हुए सभी सातों बच्चों की टीसी थमा दी इस मामले में जिला शिक्षा आधिकारी सुदामा लाल गुप्ता का कहना है बच्चों को स्कूल में वापस बुलाकर शिक्षक को निलंबित किया गया है।



# महाराज खेतसिंह की मूर्ति एवं धर्मशाला बनाए जाने के लिए क्षत्रिय खँगार समाज ने विधायक से की मुलाकात

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। सोमवार को लहार विधायक अमरीश शर्मा गुड्डू से क्षत्रिय खँगार समाज द्वारा सौजन्य भेंट की गई। विधायक जी से महाराजा खेत सिंह जूदेव की मूर्ति की स्थापना एवं धर्मशाला का निर्माण नगर लहार में कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन देते समय गिरजा शंकर परिहार,पूर्व सीएमओ एन आर खेगर,मंगल सिंह परिहार,विश्वनाथ सिंह परिहार समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।माननीय विधायक जी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस कार्यवाही को अति शीघ्र प्रारंभ करते हुए महाराज खेत सिंह जू देव की मूर्ति और धर्मशाला का निर्माण अवश्य ही कराऊंगा,समाज बंधुओ के द्वारा माननीय विधायक जी का आभार व्यक्त किया गया।

# जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ आज

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। प्रदेश में जन औषधि केन्द्रों का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया जायेगा। जिला चिकित्सालय सतना में रेडक्रास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद श्री गणेश सिंह मुख्य अतिथि होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार करेंगे। सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी सतना डॉ. अरूण त्रिवेदी ने गरिमामय कार्यक्रम में सभी गणमान्य नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की।

# गलबल ग्राम के पास गोदान एक्सप्रेस से गिरा

**राजेश कुमार तिवारी, पुष्पांजलि टुडे**
**ब्यूरो चीफ सतना**



एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 40-45 के बीच है जैतवारा खुटहा स्टेशन के बीच गलबल ग्राम के पास गोदान एक्सप्रेस से गिर गया है जिसकी मृत्यु हो गई है जिसे कोठी मरचुरी में रखा गया है मृतक बदन में हाफ चड्ढा एवं सफेद सांडो बनयान पहने है। जिस किसी सज्जन को इस व्यक्ति के बारे मे कोई जानकारी हो तो कृपया

# अमहिया थाना पुलिस ने 3 आरोपियो को गिरफ्तार कर 3 वाहन किये जब्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




रीवा। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में अमहिया थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व एवं सक्रियता के चलते थाना स्टाफ के सहयोग से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 टू व्हीलर वाहन जब्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 14/09/24 को मुखबिर की सूचना पर भिन्न भिन्न स्थानों से राशिद मंसूरी उर्फ मोनू खान पिता स्व. मो.अब्दुल वाहिद उम्र 22 वर्ष निवासी बधान मोहल्ला थाना अमहिया जिला रीवा म.प्र. के पास से मोटर साइकल एचएफ डीलक्स स्क्क17-स्ड्ढ-12802 एवं दूसरे आरोपी चंदन सिंह पिता चंद्रभूषण सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी बेलवा पैकान थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा हाल नेहरू नगर थाना समान जिला रीवा के पास से एक्टिवा स्कूटी क्रमांक स्क्क17-स्ट्ट-3525 एवं विधि विरुद्ध बालक के पास से मोटरसाइकिल पैशन प्रो स्क्क17-रू-8748 को जब्त कर तीनो आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में अमहिया थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह, एसएसपी गरीबचंद बाडीवा, प्रआर.विनोद चतुर्वेदी, प्रआर. 214 मुकेश तिवारी, प्रआर.मकरध्वज तिवारी, आर. पियुष मिश्रा, आर. विकास तिवारी, आर.विक्रम वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। संपर्क करे।






# आईफा से मिलने वाला प्यार और ऊर्जा बेजोड़ है: अनन्या



(फोटोः एएनआई)

मशहूर फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडेय अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आइफा) पुरस्कार के 24वें संस्करण में शामिल होने को लेकर जोरदार तैयारियां कर रही हैं। आईफा अवाइर्स में अपने प्रदर्शन को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, इस साल आईफा अवाइर्स में प्रदर्शन करने के लिए मैं पूरी तरह से उत्साहित हूं। आईफा जो ऊर्जा, उत्सव और भारतीय सिनेमा के प्रति प्यार लाता है, उसका कोई मुकाबला नहीं है। मैं वैश्विक दर्शकों के लिए कुछ खास और रोमांच लाने के लिए तत्पर हूं।

उन्होंने आगे कहा, यह एक अद्वितीय मंच है जो हमारे भारतीय सिनेमा प्रेमियों को पूरे विश्व से जोड़ता है, और मैं एक बार फिर से यास आइलैंड, अबू धाबी में इस अविस्मरणीय रात का हिस्सा बनने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। बता दें कि आईफा समारोह 27 से 29 सितंबर तक यास आइलैंड, अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव आईफा पुरस्कारों के साथ शुरू होगा। इसे शाहरुख़ खान, करण जोहर और विक्की कोशल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

आईफा अवाइर्स में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में रेखा, शाहिद कपूर, विक्की कोशल, कृति सेनन और जाह्नवी कपूर शामिल हैं। इस पुरस्कार समारोह में हिंदी सिनेमा की चमक, दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग की गतिशीलता, ओटीटी प्लेटफॉर्म, वैश्विक सितारे, अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति और सिनेमा प्रेमी शामिल होंगे। गौरतलब है कि अनन्या ने 2019 में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' थी। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पुनित मल्होत्रा द्वारा निर्देशित और नोकिया स्टूडियो और करण जोहर की धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित थी, जो 2012 की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का सीक्वल थी।

# दीपिका पादुकोण बेटी के जन्म के बाद घर लौटी

बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी को अस्पताल से घर लेकर आ गये हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पिछले हफ्ते अपने पहले बच्चे एक नन्ही पारी के आगमन के साथ माता पिता बन गये हैं।दीपिका को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दीपिका और रणवीर अपने नवजात शिशु को घर ले आए हैं। बेटी के जन्म के बाद दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम बायो पर एक दिल छू लेने वाला अपडेट किया, जो एक माँ के रूप में उनकी नई भूमिका को दर्शाता है। उनके बायो में लिखा गया है, फीड। बर्प। स्लीप। रिपीट, यह अपडेट प्रशंसकों को उनके नए पारिवारिक जीवन की दैनिक दिनचर्या को दिखाता है।उनके बच्चे के आगमन की घोषणा आठ सितंबर को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से साझा की गई, जहां जोड़े ने संदेश के साथ अपनी खुशी व्यक्त की, वेलकम बेबी गर्ल 8.9.2024, दीपिका और रणवीर।



(फोटोः एएनआई)

# परिणीति चोपड़ा ने सुशांत सिंह राजपूत को किया याद

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को याद किया है और फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' से जुड़ा पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। परिणीति चोपड़ा और सुशांत सिंह राजपूत ने फिल्म शुद्ध देसी रोमांस में काम किया था। इस फिल्म में वाणी कपूर भी लीड रोल में थीं। वर्ष 2013 में रिलीज हुई इस फिल्म के प्रदर्शन के 11 साल पूरे हो गये है।



परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म से सुशांत सिंह राजपूत की खूबसूरत यादें साझा कीं। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शुद्ध देसी रोमांस का गाना बज रहा है और परिणीति-सुशांत की झलकियां भी हैं। क्लिप को शेयर करते हुए परिणीति ने कैप्शन में लिखा, यह पसंद आया। मिस यू सुशांत। हमें इसमें कितना मजा आया था।



# कंगना ने शेयर किया 18 साल पुराना वीडियो

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर 18 साल पुराना वीडियो शेयर किया है। कंगना रनौत ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म 'गैंगस्टर' से की थी।इसके बाद कंगना फिल्म 'वो लम्हे' में नजर आई थीं। कंगना ने इसके म्यूजिक लॉन्च इवेंट से जुड़ा एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए कहा कि वह पहले जैसी दिखने के लिए कुछ भी देने को तैयार हैं।

कंगना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह मेरी दूसरी फिल्म वो लम्हे के म्यूजिक लॉन्च का वीडियो है। उस वक्त मैं एक युवा लड़की थी और हर युवा लड़की की तरह मुझे अपने रूप-रंग से जुड़ी सभी चीजों से नफरत थी। कोई भी युवा महिला अपने को आकर्षक या फिर सुंदर नहीं मानती हैं। शायद यह उन्हें कमजोर और मासूम बना देता है। यहां तक कि मंच पर भी मैं खुद को लेकर अनिश्चित दिख रही हूं,लेकिन जैसी मैं पहले दिखती थी, वैसी दिखने के लिए कुछ भी देने को तैयार हूं। केवल लुक ही नहीं, बल्कि वैसी चुस्ती-फुर्ती भी, जिसकी उस वक्त मैंने सराहना नहीं की थी।

कंगना ने महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि आज आप सबसे कम उम्र की हैं, हर उम्र खूबसूरत होती है। अपने प्रति दयालु होना सीखें। भले ही आप खुद को सुंदर नही देख पा रही हो, लेकिन इस बात को जान लीजिए कि जब आप पीछे मुड़कर देखे रही होंगी तो आपको वो मिल जाएगी और आज ये भरोसा रखें कि आप सुंदर हैं।

# राधिका मदान ने करीना के साथ मुलाकात को किया याद

बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान ने करीना कपूर के साथ अपनी मुलाकात को याद किया है। राधिका मदान भारतीय सिनेमा की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। 'पटाखा' से अपने प्रभावशाली डेब्यू से लेकर विभिन्न भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन, जैसे 'अंग्रेजी मीडियम' और हाल ही में रिलीज़ हुई 'सरफिरा', तक राधिका मदान ने अपने दमदार अभिनय के बल पर जल्दी ही अपनी पीढ़ी की सबसे होनहार प्रतिभाओं में जगह बना ली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में राधिका मदान ने करीना कपूर खान के बारे में खुलकर बात की और उनके साथ अपने फैन गर्ल मोमेंट को याद किया।

राधिका ने कहा, बचपन से ही मैंने खुद को करीना कपूर की तरह समझा है। करीना तो करीना है, और उनसे मैंने ये सीखा है कि खुद से प्यार करना कितना ज़रूरी है... जब मैंने काम



(फोटोः एएनआई)

करना शुरू किया, तो मुझे अहसास हुआ कि जो भी इंडस्ट्री में चलता है, लोग वही करते हैं। चाहे वो शरीर का आकार हो, चेहरा हो, कद हो या कुछ और। जब मुझे ऐसी प्रतिक्रिया मिली, तो मैंने सोचा, यदि हर कोई एक जैसा बन जाए तो दर्शकों के लिए रोमांचक क्या रहेगा? मैंने करीना कपूर को बड़े होते देखा है। वह एक उदाहरण सेट करती हैं, मैं देख सकती थी कि वह अलग हैं और उनका काम भी।हर इंसान अलग होता है, तो यदि मैं किसी की नकल करूं, तो मैं बस एक नकल ही रहूंगी। जो मैं दे सकती हूं, वह है मेरी अनूठी पहचान।

राधिका ने कहा, जब मुझे पता चला कि करीना 'अंग्रेजी मीडियम' में हैं और मेरा उनके साथ एक सीन है जिसमें मेरी कोई डायलॉग नहीं थी, उस दिन मैं कांप रही थी। मेरे पास एक वीडियो है जिसमें मैंने 'हेलो' कहने की लगभग सो बार रिहर्सल की थी। लेकिन जब मैं उनसे मिली, तो मुझे बहुत खुशी हुई और उन्होंने मुझे लंच के लिए आमंत्रित किया। मैं उनके सामने बेवकूफी कर रही थी और फिर जब अगली बार मुलाकात हुई, तब चीजें थोड़ी अलग हो गईं, लेकिन मैं अभी भी उनके सामने कांप जाती हूं।

बहुरंग

## आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' के गाने का टीजर रिलीज



(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'जिगरा' के गाना 'चल कुड़िए' का टीजर रिलीज हो गया है। आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का पहला गाना चल कुड़ियो आने वाला है जिसमें पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ ने अपनी आवाज दी है। इस गाने का टीजर जारी हो गया है। आलिया भट्ट ने गाने का टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। टीजर शेयर करते हुए आलिया ने कैप्शन में लिखा, यह आपका जल्द होने वाला है।

गौरतलब है कि फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। इस फिल्म को वायकॉम 18 स्टूडियोज, धर्मा प्रोडक्शन और एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस ने मिलकर पेश किया है। इस फिल्म के निर्माता करण जोहर, अपूर्व मेहता, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट और सोमेन मिश्रा हैं। फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैना की भी अहम भूमिका है। फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।

दिलचस्प

## फरहान अख्तर ने फिल्म '120 बहादुर' की तस्वीर शेयर की



(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार फरहान अख्तर ने अपनी आने वाली फिल्म '120 बहादुर' के सेट से सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने फिल्म '120 बहादुर' की घोषणा की है। फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे। फरहान अख्तर ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह यानी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों की कहानी कहती है। यह मिलिट्री एक्शन फिल्म 1962 के इंडो-चाइना वॉर के दौरान की कहानी है और रेजांग ला की लड़ाई से प्रेरित है। फराह अख्तर ने इस फिल्म के सेट से बीटीएस फोटो शेयर किया है। फरहान इस फिल्म में सेना के अधिकारी मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म को रजनीश राजी घई निर्देशित कर रहे है। फरहान अख्तर ने जो फोटो शेयर की है वह लद्दाख की वादियों की है। फोटो में फिल्म के क्रू मेंबर्स सेट पर खड़े नजर आ रहे हैं।

# करीना कपूर की परफॉर्मेंस पर फिदा हुए पति सैफ अली खान



(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' में अपनी पत्नी करीना कपूर खान की दमदार परफॉर्मेंस पर फिदा हो गये। करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स रिलीज हो गयी है।इस फिल्म में करीना के अभिनय को सराहा जा रहा है। जैसे-जैसे फिल्म को और पॉजिटिव रिव्यू मिल रहे हैं, वैसे - वैसे ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख रहे हैं।फैंस और दोस्तों के साथ-साथ करीना के पति सैफ अली खान ने भी इ फिल्म में उनकी के शानदार एक्टिंग की तारीफ की है।

सैफ ने करीना की भूमिका के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा है,मैं बकिंघम मर्डर्स को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। मैं अपनी खुद की फिल्म देवरा के प्रमोशन में बिजी हूँ। मैंने जो कुछ भी देखा है, उससे मुझे लगता है कि उन्होंने कमाल कर दिया है। मैं टीम को ऑल द बेस्ट विश करता हूं। 'द बकिंघम मर्डर्स' करीना कपूर खान की बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म है और यह एक थ्रिल से भरी, सस्पेंस की कहानी पेश करती है। यह 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' जैसी सफल प्रोजेक्ट्स के बाद एकता आर कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और सहयोग भी है। 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कलाकार हैं। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखी गई यह फिल्म महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स प्रोडक्शन के बेनर तले बनायी गयी है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट किया गया है और शोभा कपूर, एकता आर कपूर और करीना कपूर खान द्वारा साथ प्रोड्यूस किया गया है।

# अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर में निकलने वाली गणेश जी की झाँकियों के लिए यातायात प्रभारी ने बनाया रूट

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी - अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर में गणेश जी की झाँकिया काफी संख्या में शहर के विभिन्न मार्गो से होकर लक्ष्मीनिवास से हंसबिल्डिंग एवं आर्यसमाज रोड से होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल कस्टम गेट के सामने से होकर सराफा बाजार होते हुए माधव चौक से गणेश गौरी कुण्ड एवं सिन्ध नदी अमोला पर विसर्जन हेतु जायेगी। कल दिनांक 17/09/2024 को शाम 06.00 बजे से अगले दिन प्रात 07.00 बजे तक आमजन के सुगम यातायात में कोई परेशानी न आये यातायात व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

कस्टमगेट मुख्यकार्यक्रम स्थल पर डायवर्जन प्लान कस्टम गेट पर मुख्यकार्यक्रम होने के कारण गाँधी कोलोनी, विवेकानंद कोलोनी एवं व्हीआई रोड की तरफ से आने वाले समस्त वाहन अनाज मण्डी तिराहे से हंसबिल्डिंग एवं खुडा विवेकानंद कोलोनी वायपास रोड की तरफ डायवर्ट रहेगे तथा अस्पताल चौराहा से कस्टम गेट की तरफ आने वाले समस्त वाहन सर्किट हाउस रोड की तरफ डायवर्ट रहेगें। इसी प्रकार न्यू ब्लॉक से आने वाला यातायात 14 नंबर कोठी होकर व्हीमार्ट वाली गली से थीम रोड होकर एवं आर्यसमाज मंदिर की तरफ आने वाला यातायात मण्डी होकर हंसबिल्डग की ओर डायवर्ट रहेगा। गाँधी चौक एवं कोर्ट रोड पर जगह जगह भण्डारा एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम होने से माधव चौक एवं अस्पताल चौराहे की तरफ से गाँधी चौक,सराफा,कोर्ट की तरफ जाने वाला समस्त यातायात पूर्णतः वर्जित रहेगा।

**शहर डायवर्जन प्लान**–झाँसी तिराहा एवं नीलगर चौराहा की तरफ से आने वाला यातायात गुरूद्वारा होकर राजेश्वरी रोड की तरफ डायवर्ट रहेगा, गुरूद्वारा से माधव चौक की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा। ग्वालियर नाका, कमलागंज की तरफ से आने वाला यातायात मीटमार्केट होकर फिजीकल रोड की तरफ डायवर्ट रहेगा, मीट मार्केट से माधव चौक की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा। दो बत्ती से आने वाला यातायात विष्णुमंदिर एवं धर्मवीर घाटी की ओर डायवर्ट रहेगा, पुराना बस स्टैण्ड से माधव चौक की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा। पिछोर,करैरा एवं झाँसी की तरफ जाने वाली बसे जो ग्वालियर नाका दो बत्ती होकर बाँकडे मंदिर की तरफ से जाती है उक्त बसों का संचालन बस स्टैण्ड से पोहरी चौराहा, गुना नाका होकर पडोरा चौराहा की तरफ से होकर रहेगा। शहर के सभी नाकों से भारी वाहनों का प्रवेश शहर की तरफ पूर्णतः प्रतिबंन्धित रहेगा। इसी प्रकार सुरवाया फोर लाईन से शहर की ओर आने वाले सभी भारी/यात्री बसें पडोरा चौराहा होकर शिवपुरी आ सकेगे। एवं गुना नाका से सुरवाया फोर लाईन की तरफ जाने वाले सभी भारी वाहन पडोरा चौराहा होकर जा सकेंगें। एवं आवश्यकता पडने पर अन्य वाहनों का भी पडोरा चौराहा की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यातायात पुलिस सभी आमजन से अपील करती है कि उपरोक्त व्यवस्था संचालन में सहयोग करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

# पिछोर विधायक द्वारा एक करोड़ 42 लाख रुपए की लागत की सड़कों का किया भूमिपूजन

**शिवपुरी। पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा 16 सितंबर को अपने क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान 1 करोड 42 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया**





**पत्रकार हरिओम परिहार**- पिछोर विधायक द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों का भूमि पूजन पिछोर विधानसभा की ग्राम पंचायत महोबा डामरोंन के ग्राम महोबा से इमलिया की ओर बनाई जाने वाली 3.50 किलोमीटर लंबाई की 63 लाख रुपए की लागत की सड़क स्वीकृत है, इस सड़क का भूमि पूजन आज विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा समस्त ग्राम वासियों तथा क्षेत्र के जनता के बीच किया गया। इसी प्रकार पिपारा से कुंडलपुर की ओर जानें वाली सड़क की दूरी 2 किलोमीटर है। जिसकी स्वीकृत राशि 38 लाख रुपए है। इसके साथ साथ ग्राम पंचायत भरतपुर इमलिया में भी सड़क निर्माण हेतु भरतपुर से इमलिया की ओर जाने वाली सड़क की कुल दूरी 2 किलोमीटर है, जिसकी लागत 41 लाख रुपए है। इन सभी सड़कों का भूमि पूजन आज विधायक द्वारा किया गया। विधायक द्वारा बताया गया कि में किसी भी गांव को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दूंगा। जहां जो भी निर्माण की आवश्यकता होगी, लोगों के बीच रहकर पूरा करने का प्रयास करूंगा। विधायक द्वारा आज एक करोड़ 42 लाख रुपए लागत की सड़कों का भूमि पूजन किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी तथा स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलजुलनी एकादशी पर निकाली ठाकुरजी की रेवाड़ी

**भगवान ने किया नमर भ्रमण मंदिरों से निकली रेवाड़ियां**



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बगडी नगर। निकटवर्ती गांव पिपलाद में भगवान जानरायजी मंदिर में शनिवार को देवझूलनी एकादशी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कस्बे के जानरायजी मंदिर से गवई तालाब तक शोभायात्रा निकालकर देवस्नान का व जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शास्त्रों के अनुसार भादवा के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवझूलनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मंदिरों में स्थापित देवताओं की मूर्तियों को सरोवर पर ले जाकर विधि विधान के साथ गंगाजल व पंचामृत से स्नान करवाया जाता है। शुबह 10 बजे जानरायजी मंदिर में स्थापित ठाकुरजी को पालकी में सजाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी मंगला महाराज आगे आगे चल रहे थे। तथा बैंड बाजों,डीजो की धुन,ढोल नगाड़ों के साथ एक शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे गांव होते हुए, तालाब पर पहुंची। इस दौरान पुजारी मंगला महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों को स्नान करवाकर नए वस्त्र पहनाए गए तथा पुन~ मंदिर में ले जाकर गर्भगृह में विराजित किया गया। इस मौके पर पूरे गांव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे द्यतथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाकर माहौल को धर्ममय कर दिया। इस अवसर भगवान जानराय जी विकास संस्थान के अध्यक्ष मोहनलाल सेणचा, सचिव वेनाराम सेणचा , रूपाराम सेणचा, नेमाराम सेणचा, रूगा राम सेणचा , रुपाराम सेणचा डोली, भवरलाल सेणचा, वचनाराम सेणचा , भोमाराम सेणचा, गुमान मल सेणचा, भुंडाराम सेणचा, पूर्व सचिव पन्नालाल सेणचा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया गया ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



16 सितंबर को खरगोन जिले में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों पर ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक स्थान के लिए नियुक्त कार्यपालिक दंडाधिकारी जुलूस के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर निगरानी रख रहे थे।

# खरगोन मंडी में कपास की खरीदी हुई प्रारंभ

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कृषि उपज मंडी समिति खरगोन में नवीन कपास सीजन का शुभारंभ 16 सितंबर को हुआ। कपास मुहुर्त में पूर्व कृषि राज्य मंत्री एवं खरगोन विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार एवं श्री भास्कर गाचले अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी मंडी खरगोन, श्रीमती शर्मिला निनामा मंडी सचिव खरगोन, श्री राजेश वर्मा मंडी कर्मचारी एवं व्यापारी श्री मंजीतसिंह चावला, श्री मन्नालाल जायसवाल, श्री सुरेश गांधी, श्री राजेश महाजन, श्री आशुतोष अग्रवाल, श्री अनुप अग्रवाल, श्री परमानंद गोयल, श्री मुकेश महाजन, श्री ब्रजमोहन अग्रवाल आदि की उपस्थिति में सर्वप्रथम पूजन कर कपास की नीलामी की गई। जिसमें पहली कपास की गाड़ी के भाव 7405 रुपये श्री गोपाल छगन मागरूल की फर्म केके फायवर्स द्वारा खरीदी गई। कपास मुहुर्त मे मंडी में आवक बैलगाड़ी 77 वाहन 640 रहे। भाव न्यूनतम, 3000 अधिकतम, 7885 मॉडल 5100 रहे।

# गुढ़ नगर में हर्षोल्लास व शांति पूर्वक मनाया गया ईद उन नबी का पर्व

**नगर में निकाला गया जुलूस मागी अमन चैन की दुआ, जुलूस में शांति ब्यवस्था बनाए रखने पैदल मुस्तैद रही गुढ़ पुलिस**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विकास तिवारी**



रीवा।आपको बता दें कि दिनांक 16 सितंम्बर को मुस्लिम समाज का महापर्व ईद उल नबी बड़े ही उल्लास व शांती के साथ मनाया गया तथा नगर के मुख्य मार्ग से जुलूस निकाल कर अल्लाताला से अमन चैन की दुआ मागी गई व याद किया गया इस पर्व पर नगर सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व नगर के अंदर मुख्य मार्ग से मुस्लिम समुदाय द्वारा निकाले गए जुलूस में शांती ब्यवस्था कायम रखने जुलूस के साथ ष्ठस्ष्ठ मैडम, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, गुढ़ टी आई हरिशंकर तिवारी, स्द्व सुरेश प्रसाद सहित प्रधान अरक्षक, अरक्षक, सैनिक, सहित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य मुस्तैत रहे। तथा जुलूस में शांती ब्यवस्था कायम रखने पर सभी मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

# जैतवारा थाना अंतर्गत गलबल के पास ट्रेन से गिरने अज्ञात युवक की मृत्यु

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 40-45 के बीच है जैतवारा खुटहा स्टेशन के बीच गलबल ग्राम के पास गोदान एक्सप्रेस से गिर गया है जिसकी मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही जैतवारा थाना प्रभारी विजय सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे पंचनामा कारवाही कर डेड बॉडी पोस्टमार्डम के लिए कोठी भेजा गया कोठी मरचुरी में रखा गया है।

# सांसद श्रीमती राय ने अटेर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पावई मंदिर पर पहुंच कर पूजा अर्चना की और सुख और समृद्धि शांति सद्भावना एवं अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए आशीर्वाद मांगा। सांसद श्रीमती राय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्राकृतिक आपदा एवं अति भारी वर्षा से हुई कुंवारी नदी के किनारे बसे हुए गांव में बाढ़ आ जाने से गांव पानी की ट्यूब में आ चुके हैं,बाढ़ आने की सूचना प्राप्त होते ही सांसद श्रीमती राय बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर स्थिति को दिखा और पीड़ति परिवार जनों से संवाद किया। सांसद श्रीमती राय ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ति गांव बगुलरी,देहरा पारा, कछार रमटा रिदौली दैपारा मालपुरा सौरा अटेर में पहुंच कर ग्रामीण जनों से संवाद करते हुए कहा कि आप धैर्य बनाए रखें आपकी सुख दुख में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार हमेशा प्राथमिक किताबदा की हर घड़ी में खड़ी रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव जी ने प्रशासन को आवश्यक निर्देश देकर तत्काल राहत कारों में तेजी लाने के लिए कहा है आपके लिए प्रशासन स्तर पर खाद्य सामग्री एवं खाने पीने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। जो नुकसान



आपका हुआ है वह प्रशासनिक अधिकारी मौका पर पहुंचकर ठीक से सर्वे करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजेंगे ताकि आपको उचित मुआवजा दिया जाएगा। भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत के तहत जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन, पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए विधानसभा के सैकड़ो सैकड़ो गांव बाढ़ से प्रभावित हैं बाढ़ की स्थिति से आपदा विभाग को विधायक समय-समय पर अवगत करा रहे हैं एंव अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस परिवार के आंगन तक पानी पहुंच गया है, या पूरी तरह से बाढ़ के पानी से घिरा है, वैसे परिवार को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम करें साथ ही तत्काल राहत की सुविधा उपलब्ध करायें सांसद श्रीमती राय ने कहा है कि बाढ़ प्राकृतिक आपदा है,इस से लोगों को घबराना नहीं चाहिए.बल्कि हिम्मत से बाढ़ से बचाव के उपाय पर विचार करना चाहिए. बाढ़ जैसे हालात में लोगों को एक दूसरे की मदद करनी चाहिए लोगों को आश्वासन दिया कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों का जो फसल नुकसान हुआ है उसका किसान कों सरकार से मुआवजा मिलेगा । सांसद के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह नरवरिया,मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संतोष सिंह मसूरी अशोक सोनी मुन्ना सिंह भदौरिया, तथा अटेर के यह तहसीलदार जनपद सीईओ एवं अनेक विभागीय अधिकारी कर्मचारी साथ में मौजूद थे।

# जैतवारा में शव वाहन न होने से पब्लिक परेशान

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के जैतवारा में शव वाहन न होने से पब्लिक के साथ साथ पुलिस को भी करना पड़ता है मुस्किल का सामना जैतवारा में रेलवे स्टेशन होने के कारण आए दिन कोई न कोई एक्सीडेंट होता रहता है रोड ऐक्सिडेंट रेल एक्सीडेंट कही कोई सुसाइड का मामला हुआ सूचना मिलते ही पुलिस तो पहुंच जाती है पर शव वाहन के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ता है वो भी लास्ट में नगर परिषद जैतवारा का ट्रेक्टर ही है जिसमे डेड बड़ी को पोस्टमार्डम के लिए ले जाया जाता है। जैतवारा में पीएचसी हॉस्पिटल तो है पर मरचुरी नही है पोस्टमार्डम के लिए कोठी ही जाना पड़ता है तब तक कई घंटे लग जाते है और पुलिस के साथ साथ परिजन भी परेशान होते है। अगर जैतवारा में एक शव बाहन हो तो ए समस्या से छुटकारा मिल सकता है आज ही एक मामला सामने आया था एक अज्ञात युवक गलवल के पास ट्रेन से गिर गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई पुलिस तो मौके पर पहुंच गई लेकिन डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए कई घंटे बाद वाहन मिला

# एटीएम मशीन से रुपये चुराने वाली गैंग का थाना सिटी पुलिस ने किया पर्दाफाश

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । दिनांक 02/09/2024 को फरियादी प्रदुमन सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिहं तोमर उम्र 25 साल निवासी वाटर वर्क्स, लक्ष्मी नगर भिण्ड ने रिपोर्ट किया कि अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम मशीन को खोलकर कुल 89000/- रूपये चुराकर भाग गए है,उक्त रिपोर्ट पर से थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 604/24 कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड डॉ. असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के नेतृत्व में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में संपत्ती संबन्धी अपराधों पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली भिण्ड निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान एवं सायवर सेल टीम द्वारा एटीएम मशीन से रुपये चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया गया है। दिनांक 15/09/2024 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि सर्किट हाउस तिराहा वायपास रोड भिण्ड के पास अस्पताल के बगल वाले टाटा इण्डीकेश एटीएम मशीन से चोरी करने वाले हुलिये के दो व्यक्ति अपने एक अन्य व्यक्ति के साथ खड़े हुए है, मुखविर सूचना पर तस्दीक हेतु मय फोर्स के रवाना होकर सर्किट हाउस के पास पहुंचे जहाँ पर तीन व्यक्ति खड़े हुए थे,जो पुलिस फोर्स को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिसे फोर्स की मदद से घेरकर पकडा गया आरोपीगणों के कब्जे से एटीएम मशीन से चुरायी गयी मसरुका नगद राशि 63000 रू. व 05 एटीएम कार्ड,मोबाईल तथा एक स्फ्टि कार जप्त की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर पीआर प्राप्त किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की गई तो आरोपीगणो ने भिण्ड, ग्वालियर शहर के अलावा अन्य राज्यों में लखनउ,आगरा,जयपुर, विहार,वेस्टबंगाल और हिमाचल प्रदेश में भी घटनाएँ कारित करना स्वीकार किया है,अपराधों की जानकारी प्राप्त की जा रही है,जिसमें और भी खुलाशें होने की सम्भावना है। बरामद मशरूका 63000 रूपये नगद,05 एटीएम कार्ड,04 मोबाईल फोन,01 कार मारूती सुजुकी सिफ्ट यूपी 32 जेडब्ल्यू 9414,लगभग 07 लाख रुपये का मसरुका जप्त किया गया। उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान,एसआई सुरेश मिश्रा, एएसआई दीपक सिंह तोमर,प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह यादव,जितेन्द्र सिकरवार,नीरज भदौरिया,आरक्षक सौरभ शर्मा, शिवम तोमर,आनन्द त्रिपाठी,मोहित यादव। सायवर सेल एएसआई सत्यवीर सिंह एवं साइवर टीम में प्रमोद पाराशर, सतेन्द्र यादव,महेश कुमार, आनन्द दीक्षित,राहुल यादव,हरपाल चौहान की सराहनीय भूमिका रही है।

# ग्राम पंचायत परसोटा में सरपंच पद पर नवनिर्वाचित कलावती महेंद्र जाटव 62 वोटो से विजयी हुई

**लोकेश शुक्ला**

**चंबल गौरव/कैलारस-** जनपद पंचायत पहाड़गढ़ की ग्राम पंचायत परसोटा में उप चुनाव में सरपंच पद पर नवनिर्वाचित कलावती महेंद्र जाटव (अर्गल) ने 62 मतों से जीत हासिल की है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत परसोटा के सरपंच पद का निर्वाचन के लिए मतदान पोलिगो पर प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओ के बीच 11 सितंबर 2024 को मतदान हुआ था। रिटर्निंग ऑफिसर



द्वारा बताया गया,कि इस चुनाव में मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का उपयोग किया वोटिंग उपरांत मत पेटियों को प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच प्रशासन की देखरेख में सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया। और 15 सितंबर 2024 को सुबह मतगणना शुरू हुई। मतगणना के दौरान कलावती अर्गल को सर्वाधिक मत मिलने पर विजई प्रत्याशी घोषित किया गया। और कलावती महेंद्र जाटव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 62 मतों से विजई घोषित हुई। और रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा कलावती महेंद्र जाटव (अर्गल) विजयी होने का प्रमाणपत्र दिया गया। और प्रमाण पत्र के समय प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस, राजस्व और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सिविल हॉस्पिटल जौरा द्वारा मंगू का पुरा और बाबडी पुरा में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

मुरैना/मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल जौरा डॉ. आर.एस. सेमिल के मार्गदर्शन में सर्दी, जुकाम एवं वायरल फीवर से लोगों को बचाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागचीनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंगू का पुरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवगढ़ के ग्राम बावड़ी पुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में एमपीएस, सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आशा सहयोगिनी ने गांव में घर-घर पहुंचकर वायरल फीवर एवं सर्दी जुकाम से संबंधित मरीजों की पहचान के लिए सर्वे कर घरों में वायरल फीवर के मरीज चिन्हित किए। मच्छर लार्वा का सर्वे भी किया गया। शिविर में मंगू का पुरा में बुखार के 20 एवं अन्य बीमारियों के 26 और बावड़ी पुरा में बुखार के 30 से अधिक लोगों की जांच की गई। शिविर में अन्य बीमारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर



आरडीटी किट द्वारा बुखार की जांच की गई। सर्दी, जुकाम आदि बीमारियों के चिन्हित मरीजों को दवाईयां वितरण की गई। इस अवसर पर उपस्थित एमपीएस श्री रामनिवास कुशवाह, श्री एलएन कुशवाह, सीएचओ श्री नरेंद्र बांदिल, श्री सोनी कुशवाह, श्री विवेक कुमार, श्री विजय शर्मा, एमपुडब्ल्यू श्री मुनेंद्र कुशवाह, एएनएम गायत्री धुर्वे ने आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से घर-घर पहुंचकर कूलर में मच्छर लार्वा की पहचान की। लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही घरों में कूलरों, गढ्ढे आदि में गंदा पानी एकत्रित न करने की सलाह दी। स्वच्छ वातावरण रखने के लिए प्रेरित किया। उनको बताया कि 4-6 दिन में अपने कूलर का पानी अवश्य बदलें, दो-तीन घंटे सूखने के बाद ही उसमें पुनः स्वच्छ जल भरे। अपने घर के आस-पास गंदा पानी एवं कूड़े के ढेर आदि एकत्रित न होने दें।

## मानवाधिकार एंव सामाजिक न्याय आयोग जिला मुरैना मे पदाधिकारीयो की प्रथम बैठक संपन्न हुई




जिसमे मुख्य अतिथि विशेष अतिथि ने मां सरस्वती विवेकानंद जी के छाया चित्रों पर माल्यार्पण किया

जिसमें उपस्थित चंबल संभाग के अध्यक्ष आदरनीय हर्ष सिंह तोमर जी कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला अध्यक्ष आदरणीय अतर सिंह तोमर जी आदरणीय अनुराधा गुप्ता जी जिला अध्यक्ष महिला विंग आदरणीय ज्योति कदम जिला अध्यक्ष स्वास्थय प्रकोष्ठ लोकेन्द्र सिंह तोमर प्रभारी शिक्षक प्रकोष्ठ देवेन्द्र शर्मा जी जिला मिडिया प्रभारी अपनेद्र सिंह तोमर पदाधिकारीगढ एव कार्यकर्तागढ उपस्थित रहे

# स्वच्छता ही सेवा अभियान की तर्ज पर जन अभियान परिषद् जौरा ने किया संगोष्ठी का आयोजन।

## स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है- श्री बी डी शर्मा।

मुरैना /स्वच्छता ही सेवा अभियान समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व को पहचानने में मदद करता है। यह देश भर की शहरी एवम् ग्रामीण जगहों को शामिल करता है।स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है ।स्वच्छता ही सेवा एक महान पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्वच्छता के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। हालाँकि, कचरे के पुनर्चक्रण के तरीके में और अधिक नवाचार किए जाने की आवश्यकता है।जिसके लिए न केवल अधिक धन की आवश्यकता है बल्कि स्थानीय इकाइयों में नवीनतम और आधुनिक तकनीक को अपनाने की भी आवश्यकता है। यह हर समाज के उस तबके की सेवा करने के लिए महात्मा गांधी के सपने को पूरा करेगा जहां वास्तविक भारत बसता है,यानी की गांव।यह उद्बोधन जन अभियान परिषद् जौरा के ब्लॉक समन्वयक बी डी शर्मा के द्वारा शासकीय महाविद्यालय जौरा में हुई संगोष्ठी के दौरान दिया गया। इस कार्यक्रम





में ब्लॉक समन्वयक श्री बी डी शर्मा, नवांकुर संस्था से श्री विष्णु सिंह तोमर, श्री अलकेश राठौर, परामर्शदाता प्रशांत शर्मा , शिवानी शर्मा , विनोद शर्मा , श्रीकुमार शर्मा मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी के फोटो पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में श्री विष्णु सिंह तोमर ने कहा कि यह स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को प्रभावित करता है। इसमें स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थान सक्रिय रूप से भाग लेंगे एवं सफाई अभियान आयोजित करेंगे।स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी असल में यही सेवा मानी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान श्री अलकेश राठौर ने छात्र छात्राओं को इस अभियान से बारे बताते हुए कहा कि यह अभियान तीन प्रमुख बिंदुओं पर आधारित रहेगा, जिस दौरान अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पहला स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा उन्हें जागरूक किया जाएगा। दूसरा सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, संस्थानों, मार्केट,शिक्षण संस्थान, सार्वजनिक परिवहन, मुख्य मार्ग, उच्च मार्ग, ट्रैकिंग व कैंपिंग साईट,नदियां, झीलें, तालाब, पर्यटक स्थल आदि स्थानों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री कुमार शर्मा एवं शिवानी शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया।

# केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 19 सितम्बर को मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे

मुरैना /भारत सरकार के संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक दिवसीय प्रवास पर 19 सितम्बर, 2024 को मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 19 सितम्बर को सुबह 9¬45 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11¬45 बजे जौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगे। वहीं जौरा-कैलारस के बीच मेमू ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। श्री सिंधिया दोपहर 01 बजे जौरा रेलवे स्टेशन से प्रस्थान कर दोपहर 1:40 बजे कैलारस रेलवे स्टेशन पहुंचेगे। श्री सिंधिया दोपहर 1:45 बजे से दोपहर 2:45 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसके बैड श्री सिंधिया सायं 4:15 बजे सड़क मार्ग से सायं 4:30 बजे स्थानीय यात्रा में सम्मिलित होंगे। श्री सिंधिया 4:45 बजे से प्रस्थान कर सड़क मार्ग से सायं 05 बजे मुरैना आयेंगे। इसके बाद सायं 5 बजे मुरैना से प्रस्थान कर सड़क मार्ग होते हुये 5:50 बजे ग्वालियर पहुंचेगे।

# कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 17 सितंबर को मुरैना आएंगे

मुरैना /प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 17 सितंबर को दोपहर 01 बजे दतिया जिले के ग्राम डोंगरपुर से रवाना होकर अपराह्न 3¬30 बजे मुरैना आएंगे। रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन के शेष कार्यक्रम मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना के निर्देशन में निर्धारित होगें।

# किसान न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

मुरैना- आज दिनांक 16 सितम्बर 2024 को जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के नेतृत्व में गांधी कॉलोनी स्थित गांधी मैरिज होम में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार किसान न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आहुत की गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली से पधारे आदरणीय श्री चंदन सिंह यादव जी सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं सह प्रभारी मध्य प्रदेश कांग्रेश कमेटी तथा यात्रा के प्रभारी सुनील शर्मा जी उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु दिनांक 20 सितम्बर 2024 को जिला कांग्रेस के नेतृत्व में निकाली जाने वाली किसान न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर रहा। बैठक की अध्यक्षता श्री मधुराज तोमर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना एवं दीपक शर्मा अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना ने की। उक्त बैठक में उपस्थित विधायकगणों, वरिष्ठ कांग्रेसीजनों, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रकोष्ठ/मोर्चा/विभाग के अध्यक्षों एवं समस्त कांग्रेसजनों ने बैठक में पधारे मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली से पधारे आदरणीय श्री चंदन सिंह यादव जी सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं सह प्रभारी मध्य प्रदेश कांग्रेश कमेटी तथा यात्रा के प्रभारी सुनील शर्मा जी को भरोसा दिलाया कि 20 सितम्बर शुक्रवार को किसानों के हक अधिकार की लड़ाई और अभी हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण किसान भाइयों की जो फसल नष्ट हुई हैं, उनका सर्वे कराकर सही मुआवजा दिलाने, किसानों को फसलों के उचित दाम मिले इसके लिए समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण अधिक से अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित करेंगे और भरोसा दिलाते हुए कहा कि ÷किसान न्याय यात्रा÷ में लगभग



1000 ट्रेक्टरो की रैली निकाली जावेगी।आज की विशाल जिला स्तरीय बृहद बैठक में उपस्थित सम्मानित कांग्रेसजनों में मुरैना विधायक अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, जौरा विधायक पंकज उपाध्यय, अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार, सभापति राधारमण डंडोतिया, ग्रामीण संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार, शहर संगठन मंत्री सत्यपाल सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाह, पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, रामलखन डंडोतिया, जिला पंचायत सदस्य मानवेन्द्र गांधी, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस, प्रवक्ता हरीश पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शर्मा, जगदीश बंसल कार्यकारी अध्यक्ष, आदिराम जाटव कार्यकारी अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष लोकेंद्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामू तोमर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह रावत, रामहेत पिप्पल, महिला अध्यक्ष नजमा बेगम, पिछड़ा वर्ग शहर अध्यक्ष राजेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्षगण विक्रम मुदगल, अब्दुल रज्जाक पटेल, दलवीर तोमर, परशुराम जाटव, राजकुमार सिकरवार, उदयराज जादौन, अनिल सोनी, भागचंद यादव, श्रीचन्द उपाध्याय, पूरन यादव, राजेन्द्र जादौन, धर्मेन्द्र सिकरवार, रमेश शाक्य, उमाचरण कटारे आदि, निरंजन सिकरवार, किशन पंडित, शशी सक्सेना, रामकुमार पाराशर, सौरभ डंडोतिया, नरोत्तम माहौर, कार्यालय मंत्री रामू टुंडेलकर, रहीश खान, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप रजक, हरीश शर्मा, मनोज शर्मा, वकील जाटव, सौरभ मिश्रा, त्रिलोकी कंसाना, मनमोहन दीक्षित, वीरेंद्र सखवार, हरीराम पचोरिया, योगेन्द्र जादौन, मुरारी लाल अमर, इकबाल खान, केशव दौनेरिया, अल्ली शर्मा, अमनीश कटारे, जितेंद्र त्यागी, रामलखन शर्मा, बंगाली बाबू, अमर सिंह मौर्य, बद्री प्रसाद विट्ठल, सियाराम शर्मा, दीपक सोलंक, फैजान खान, सुभाष माहौर, चंद्रपाल जादौन, जी एल चांदिल, सरफुद्दीन शाह, पुरुषोत्तम कंसाना, अजेंद्र सिंह तोमर, रामस्वरूप माहोर, अशोक सिकरवार, राजेंद्र मावई, रामभजन धाकड़, आशा बेपुरिया, सीमा बानो, ममता, एवं संपूर्ण जिले के कांग्रेस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# निगमायुक्त को निरीक्षण में बस स्टैंड पर मिली, आश्रय भवन और किला भी देखा



ग्वालियर। निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एवं सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के अनेक स्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्वालियर किले पर नवीन सैल्फी पॉइंट की जगह चिन्हित कर सेल्फी पाइंट बनाने के निर्देश भी निगमायुक्त ने दिये। सोमवार को निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने सफाई व्यवस्था को लेकर बस स्टैंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें बस स्टैण्ड पर गंदगी मिली। निगमायुक्त ने तत्काल गंदगी को साफ कर आगे से गंदगी नहीं होने देने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चैहान को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बस स्टैंड पर बने आश्रय भवन का निरीक्षण किया। बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण करने पर रैन बसेरा में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पहचान-पत्र जमा करने एवं रिकार्ड संधारित करने के निर्देश उपायुक्त अनिल दबे को दिये। इसके साथ ही रैन बसेरा में लाइव स्ट्रीमिंग, कैमरे के टेंडर आदि की कार्यवाही त्वरित करने के निर्देश निगमायुक्त ने उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव को दिये गये। निगमायुक्त ने दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया। यहां के बाद निगमायुक्त ने ग्वालियर किले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किला स्थित निर्मित होने वाले सेल्फी पॉईंट के स्थान का निरीक्षण किया और तीन नवीन सैल्फी पाइंट का निर्माण करने के निर्देश प्रभारी उपायुक्त अमित गुप्ता को दिए गए।

## सभापति ने किया वार्ड 34 में नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन



ग्वालियर। वार्ड 34 पारदी मौहल्ले में स्थित नाला निर्माण का भूमिपूजन सोमवार को क्षेत्रीय पार्षद एवं उपनेता विपक्ष रवि तोमर के अथक प्रयास से सभापति मनोज सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभापति मनोज सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्र में जो भी विकास कार्य किए जा रहे हैं उनमें गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही कहा कि बरसात के बाद क्षेत्र में और अधिक तेजी से सड़कों को बनाने का कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 34 में स्थित पारदी मोहल्ला में एक नाला जिसके कारण बरसात में पारदी मोहल्ले में जलभराव की समस्या होती थी । उसके निदान के लिए नाले का पुनः निर्माण किया जाना था, जिसका सभापति मनोज सिंह तोमर ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपनेता सत्तापक्ष रवि तोमर, वरिष्ठ नेता श्री जंगबहादुर सिंह तोमर, ओमप्रकाश धानोल, भारत, गौरव कुलश्रेष्ठ, जितेंद्र तोमर, अन्नू तोमर, सुरेंद्र बाथम, अमित गुप्ता, भारत शाक्य सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अस्थायी जलाशय के प्लेटफॉर्म बढ़ाए गए

### बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये सागरताल के सामने बनाया गया है अस्थायी जलाशय



ग्वालियर । ग्वालियर शहर में भगवान श्री गणेश जी की बड़ी एवं मध्यम प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सागरताल के सामने अस्थायी जलाशय का निर्माण कराया गया है। अनंत चतुर्दशी को ब? पैमाने पर यहाँ विसर्जन के लिए आने वाली भगवान गणेश की मूर्तियों को ध्यान में रखकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जलाशय के आस-पास विसर्जन से पूर्व मूर्तियाँ रखने के लिये बने प्लेटफॉर्म का विस्तार करने के निर्देश दिए थे। इस परिपालन में नगर निगम द्वारा तीन भाग में प्लेटफॉर्म का विस्तार कर उसे और चौड़ा कर दिया गया है। साथ ही श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिये यहाँ अन्य सुविधायें भी जुटाई गई हैं। नगर निगम द्वारा धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर अस्थायी जलाशय पर साफ-सफाई का प्रबंध भी किया गया है।

# कैंसर रोगियों का इलाज शासन की योजनाओं के तहत कराया जाएगा: कलेक्टर

## एमपी गायनिक ओंको 24 नेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन

ग्वालियर। प्रसूति से संबंधित विभिन्न प्रकार के कैंसर रोगों पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस एमपी-गायनिक ओंको-24 का रविवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चैहान के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन एसोसिएशन ऑफ गायनोकोलॉजिक ओंकोलॉजिस्ट्स के एमपी चेप्टर के तत्वावधान में ग्वालियर ऑब्सट्रक्टिस एसोसिएशन एंड गायनोकोलोजिक्स सोसायटी द्वारा शीतला सहाय कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए कैंसर विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। साथ ही जूनियर डॉक्टर्स ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कैंसर को हराकर सामान्य जीवन जी रहीं महिलाओं के प्रेरणादायी उदबोधन सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण था। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चैहान ने कहा कि ग्वालियर में निवासरत प्रदेश की विशेष पिछ?ी जनजाति सहरिया परिवार की महिलाओं में कैंसर रोग की स्क्रीनिंग ग्वालियर की गायनोकोलॉजिक एसोसिएशन के माध्यम से कराई जाएगी।




चिन्हित कैंसर रोगियों का इलाज शासन की योजनाओं के तहत कराया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ग्वालियर की गायनोकोलॉजिक एसोसिएशन इस पहल में पूरा सहयोग करेगी। कॉन्फ्रेंस में फोर्टिस की डॉ प्रिया बंसल, चैन्नई से डॉ सम्पत कुमारी, भोपाल से डॉ अजय हल्धर, दिल्ली से डॉ दिव्या सिंघल इत्यादी विशेषज्ञों के द्वारा महिलाओं में होने वाले विभिन्न कैंसर के बारे में व्याख्यान दिये और पैनल डिस्कसन किया। कार्यक्रम में डॉ गुंजन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कैंसर की जंग जीत चुके मरीजों ने एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कैंसर हॉस्पिटल के संचालक डॉ बीआर श्रीवास्तव, डॉ एसबी एल श्रीवास्तव, डॉ रोजा ओल्याई, डॉ अचला सहाय शर्मा के द्वारा सभी मरीजों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगितायें भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार आर्गेनाइजिंग चैयरपर्सन डॉ रोजा ओल्याई द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ शैला सप्रे, वरिष्ठ समाजसेवी जीडी लड्डा, डॉ जेसी गर्ग सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित हुए।

## भगवान श्रीराम के आदर्श हमें समाज में अच्छा काम करने की प्रेरणा देते हैं: प्रद्युम्न सिंह

ग्वालियर । श्रीरामलीला समारोह समिति ग्वालियर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीरामलीला मंचन 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। इसके लिए सोमवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने फूलबाग मैदान पर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विष्णु गर्ग ने की। कार्यक्रम में संत कृपाल सिंह महाराज, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर, पूर्व विधायक रामवरण सिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, शहर के व्यवसाई विजय गर्ग, अशोक गोयल उपस्थित थे। स्वागत अध्यक्ष राधेश्याम भाकर ने सभी अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले पंडित संजीव शास्त्री व उनके साथियों ने पूरे धार्मिक रीति रिवाज से भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें समाज में अच्छा काम करने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर संत कृपालसिंह महाराज ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की निरंतरता बनी रहे, यह ब?ी उपलब्धि होती है। राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व सांसद विवके नारायण शेजवलकर, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने श्रीराम लीला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाए दी हैं। श्री रामलीला समारोह समिति के संयोजक पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने रामलीला आयोजन की रूपरेखा रखते हुए बताया कि 30 सितंबर को शाम 7 बजे से फूलबाग मैदान पर भगवान खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल कोलकाता व शीतल पांडे दिल्ली भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा 1 अक्टूबर को शाम 6 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा। जिसका संगीतमय पाठन पंडित अंकित शर्मा के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव-पार्वती संवाद एवं नादर मोह के साथ भय श्रीराम लीला का शुभारंभ फूलबाग मैदान पर होगा। 3 अक्टूबर को मनु सतरूपा, रावण तपस्या, मेघनाथ विजय व श्रीराम जन्म का मंचन होगा। 4 अक्टूबर को मुनि आगमन ता?का, सुवाहु मारीज वध, अहिल्या उद्धार, गंगा नगर दर्शन (मीना बाजार एवं भव्य मेला, 5 अक्टूबर को रावण वाणासुर,लक्ष्मण जनक संवाद, रामविवाह (वरमाला) 6 अक्टूबर को केकई दशरथ संवाद, राम वनवास, केवट संवाद (वैजाताल पर सांय 5 बजे) 7 अक्टूबर का राजा दशरथ मरण, भरत मिलाप, श्रीराम पंचवटी निवास, 8 अक्टूबर को सूपर्णखा नासिका छेदन, खरदूषण वध, सीता हरण, शबरी माता से मिलाप, 9 अक्टूबर को सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन एवं सीता खोज का मंचन होगा। 10 अक्टूबर को रामेश्वरम स्थापना, विभीषण शरणागति, अंगद-रावण संवाद, 11 अक्टूबर का लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, 12 अक्टूबर को अहिरावण वध, मेघनाथ वध,रावण वध तथा 13 अक्टूबर को श्रीराम का राज्याभिषेक भव्य आतिशबाजी के साथ होगा। कार्यक्रम में सत्यकुमार मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, रामनारायण मिश्रा, गुड्डू वारसी, उमाशंकर सोनी, डॉ. नरेश देव, संजय जेन, पार्षद अपर्णा पाटिल, यामिनी नवीन पराण्डे, बी.एस. राजपूत, किशन मुदगल, गिर्राज अग्रवाल, रामसुन्दर रामू, राजीव माहेश्वरी, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र सिंह परमार, अशोक प्रेमी, अर्जुन जाटव, महेन्द्र भदकारिया, सुरेश पहलवान, प्रियंका गर्ग, श्रीमती रूचिका श्रीवास्तव, डॉ. अंजली राकेश रायजादा, वीर सिंह तोमर, चन्द्रशेखर अग्रवाल, नरेन्द्र सिंघल, अभय पापरीकर, आशीष जैन, आनंद सावंत, रामाधार चैबे, सतेन्द्र जायसवाल, समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री विजय गोयल एवं आभार संयुक्त अध्यक्ष रमेश चैरसिया ने व्यक्त किया।



## श्री आईमाता धाम बिठुडा पीरान में सिद्धी गादी को अस्थाई मंदिर मे किया स्थापित

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीट**

पाली । जिले के बिठुडा पिरान गांव में श्री आईमाताजी का दिव्य भव्य मंदिर बनाने के लिए उसकी तैयारिया जोर शोर से चल रहीं है। जिसके निमित आज वर्तमान पिरोसा गोपालसिंह के सानिध्य में श्री आईमाता धाम बिठुडा पिरान में ढोल नगाड़ों के साथ गाजो बाजो से श्री सिद्धि गादी पाट को अस्थाई मंदिर में स्थापित किया गया, इस मौके पर बड़ी संख्या में सीरवी बंधु गांव बिठुडा पिरान पधारे थे। सर्वप्रथम सोमवार को अस्थाई नए मंदिर में पिरोसा के हाथो से हवन किया गया। उसके बाद विधि विधान के साथ गाजो बाजो से सिद्धि गादी पाट को अस्थाई मंदिर में स्थापित किया गया। बिठुडा धाम में जयकारे गूंजते रहे, पुष्प वर्षा होती रही, भक्तगण झूम झूम कर आंनद ले रहे थे। माताजी को अस्थाई मंदिर में स्थापित किया गया। सिद्धि गादी पाट को अस्थाई मंदिर में स्थापित करने के बाद धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमे दूर दूर से पधारे भक्तो ने अपने गुरुदेव श्री पिरोसा के आशीर्वचन को सुना, और कई समाज बंधुओ ने जाजम को संबोधित करके आगे आने का आहवान किया। आज की इस जाजम पर इस संस्था से जुड़ने के लिए कई नए ट्रस्टीगण भी बने, अंत में सभी ने माताजी का प्रसाद लेकर आज के कार्यक्रम का समापन किया।

## कार्यालय सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। 17 सितंवर विश्वकर्मा जी की जयंती के कार्यक्रम जयेन्द्र गंज विजली विभाग के कार्यलय के सभागार में दोपहर दो बजे कार्यक्रम नियत किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर पूजन एवं बैठक होगी।बैठक के वाद सभी सहयोगी संगठन जुलुस के साथ जयेन्द्र गंज नदी गेट,फूलबाग,तथा मोटल तानसेन,होकर राजमाता चौराहे से होकर हाईकोर्ट होकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहूंचेगे।ज्ञापन देकर संक्षिप्त संवोधन के साथ समापन किया जायेगा। अत सभी पेंशन महासंघ के साथियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता अपनी उपस्थित शुनिश्चित कर देने का कष्ट करे। पेंशनरों को राजमाता चौराहे को सजाने का दायित्व भारतीय मजदूर संघ की वृहद जिले की बैठक मे मिला। अत अनुरोध है कि पूजन सथल से लेकर ज्ञापन तक रहे। भारतीय मजदूर संघ के पेशनर संघ अनुवांषिक संगठन है।तदानुसार दायित्व वहन करने का आग्रह है।सादर भारत माता की जय। विश्वकर्मा जयंती हर्ष उल्लास से मने इसी कामना के साथ आपके साथी अरुण कुमार शर्मा अध्यक्ष पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर के सी शर्मा जिला मंत्री पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर

## मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर में निकली विशाल रैली

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**



गोहद में मिलादुन्नबी के अवसर पर विशाल रैली निकाली गई।रैली का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमें डीजे, बैण्ड,घोड़ा ,बग्घी,के साथ सभी युवा हाथो में धर्म ध्वजा (झंडे)लेकर रैली में शामिल हुए।रैली का आयोजन खपरिया मस्जिद से शुरू हुआ। जहां सभी लोग एकत्रित हुए और बैण्ड बाजों के साथ रैली शुरू हुई जो नया बस स्टैंड,गोहद मौ रोड,अटल चौक,गंज बाजार,किला गेट भानु घटिया सदर बाजार इटायली गेट होते हुए पुनः खपरिया मस्जिद पर समापन हुआ। लोगों ने जगह जगह जलपान की व्यवस्था कराई।

# जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास है: पं. घनश्याम शास्त्री जी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। सिकन्दर कंपू स्थित नेताजी गार्डन में गौरवशाली सामाजिक सस्था के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को छठवे दिन कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने सुनाया। इस दौरान विवाह उत्सव भी मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंडाल में खड़े होकर फूल बरसाए भागवत कथा के छठे दिन उन्होंने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव-गोपी संवाद, उधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन के लिए शामिल हुए। शुक्रवार को पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्णरूपेण भरा था और सभी पुष्प वर्षा के साथ खूब झूम और नाच कर रहे थे कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा-परमात्मा का मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण-रुक्मणके विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।कृष्ण जी की बारात बहुत ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी।

कृष्ण रुकमणी के विवाह में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य जय प्रकाश मिश्रा, गूंज एफ एम चैनल की डायरेक्टर श्रीमती कृति सिंह, वरिष्ठ नेता प्रशांत पाठक, भूपेंद्र प्रेमी, वंदना प्रेमी ,अरुणेश भदौरिया, आशी प्रतिभा दुबे रेनू राणा,पवन भटनागर, पी डी सोनी, लक्ष्मी भटनागर, दीक्षा दुबे,आशा शिवहरे, आलोक केशवानी, कथा परीक्षित रुचि नितिन डोगरा, संस्था अध्यक्ष शिल्पा डोगरा ,डॉ. जितेन्द्र सिंह राजावत, श्रीमती तृप्ति भटनागर, श्री श्याम श्रीवास्तव, इंजी. विजय शर्मा, दिनेश



शर्मा , श्रीमती रीता डोंगरा , श्रीमती सुनीता नरूला , अनूप श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव,संजय बंसल, कंचन राव, हेमलता राव, प्रीति राजपूत, ग्रामीण भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष ममता कुशवाह, श्री नरेन्द्र चौहान, यशपाल कपूर , श्रीमती सीमा समाधिया , विनोद सप्रा, वासुदेव मिश्रा , सुनील करन जी, कार्तिक रोहिरा, हरीओम शर्मा, आदित्य भार्गव , लोकेन्द्र भार्गव , निमिष , भावेश डोगरा , गौरव वंसल , ऋष्ट तरसोलिया , पंकज जुनेजा , साकेत कुशवाह, लक्ष्मी करन , रेखा गम्भीर , पुष्पा कुशवाह , ऊषा बाथम, अमृत डोंगरा , कृष्णा करन , पिंकी कुशवाह , नंदनी करण , हिमांशु करण ने मंत्रोच्चारण द्वारा की ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478